नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -16 ◆ अंकः 108 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 20 फरवरी 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in




पेज -4 पर

अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल का 24 वां वार्षिकोत्सव संपन्न



पेज -8 पर

स्कूली छात्रों ने न्योता भोजन ग्रहण किया, संकुल प्रभारी एल पी ताडेय ने बच्चों को परोसा भोजन


मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प धरमजयगढ़ में, आप सभी नगर वासियों की सुविधा हेतु



शुगर, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, थायराईड, गैस्टिक, दमा, टायफाईड अनिद्रा आदि अन्य बीमारियों के उपचार

कोरबा डाइबिटिक एंड कार्डियो सेंटर से, डॉक्टर आशीष अग्रवाल (M.D.medicin)

स्थान

जयेश मेडिकल धरमजयगढ़ में

दिन रविवार 18 फरवरी-
समय सुबह 11 बजे से 2 बजे तक

अधिक जानकारी हेतु मोबाईल नम्बर 9826887777 में सम्पर्क करें



समस्त शिशु एवं बच्चों के जांच उपचार एवं स्वास्थ्य सम्बंधित सलाह एवं टीकाकरण

शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉक्टर कुमार (m.d पीडियाट्रिक)

नोट:-बच्चों के टीकाकरण ( वेक्सिनेशन ) पूर्व सूचना ( ऑर्डर ) करने पर ही लगाया जावेगा




मेडी क्योर हॉस्पिटल रायगढ़ से हड्डी एवं दर्द रोग विशेषज्ञ
डॉक्टर वरुण गोयल (m.s.ortho)
कमर कंधा घुटने का दर्द सूजन
झुनझुनी पन जलन सूखापन आदि

इस शनिवार सौंदर्य चर्म एवं त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नवल पटेल सुबह 11 बजे से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे


## एक नजर

### 29 फरवरी के बाद कोई भी विभाग नहीं कर पाएगा खरीदी



**रायपुर।** वित्त विभाग ने विभागीय खरीदी पर रोक लगा दी है। वित्त विभाग की तरफ से इस संबंध में सभी विभागों को निर्देश जारी कर दिया गया है। इसमें 29 फरवरी के बाद किसी भी तरह की खरीदी नहीं करने का निर्देश दिया गया है। इस निर्देश से कुछ खरीदी को अलग रखा गया है।

वित्त विभाग के उप सचिव ऋषभ पराशर के हस्ताक्षर से जारी इस आदेश में कहा गया है कि सामान्यत- वित्तीय वर्ष के अंतिम महीनों में अनेक विभागों द्वारा जल्दबाजी में केवल बजट उपयोग करने की दृष्टि से आवश्यकता न होने पर भी सामग्री क्रय की जाती है जिससे शासन की राशि अनावश्यक रूप से अवरूद्ध हो जाती है। यह प्रकिया शासन के हित में नहीं है। इसी वजह से 2023-2024 के बजट में प्रावधानित राशि से 29 फरवरी, 2024 के बाद क्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध होगा। अफसरों ने बताया कि वित?त विभाग की तरफ से इस तरह का आदेश हर वर्ष जारी किया जाता है। हालांकि कुछ कामों को इस आदेश के दायरे में बाहर रखा जाता है। इसमें केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना, केन्द्र प्रवर्तित योजना (केन्द्रांश प्राप्त होने पर आनुपातिक राज्यांश सहित कुल राशि में से), विदेशी सहायता प्राप्त परियोजना, केन्द्रीय वित्त आयोग की अनुशंसा पर प्राप्त अनुदान, नाबार्ड पोषित योजना, सिडबी, राष्ट्रीय आवास बैंक तथा विशेष केन्द्रीय सहायता पोषित परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु क्रय की जाने वाली सामग्री।

# पहाड़ तोड़कर पत्थर से डेम का पिचिंग करा रहा ठेकेदार, जिम्मेदार अधिकारी मुखदर्शक बन बैंठे

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**बोरो रेंज के जबगा गांव के जंगल में वन विभाग द्वारा डेम का सौंदर्यकरण निर्माण कार्य वन विभाग द्वारा ठेका से करवाया जा रहा है, जिसका काम ठेकेदार द्वारा बखूबी करवाया जा रहा हैं। इस निर्माण कार्य में पत्थर पिचिंग भी करना है पर ठेकेदार द्वारा ज्यादा मुनाफा कमाने के लालच में शासन को राजस्व की चुना लगाने में लगा हुआ है।**



आपको बता दे कि ठेकेदार द्वारा बोरो रेंज में डैम से कुछ ही दूर स्थित जमरगी के जंगलों में पहाड़ के पत्थर को मजदूरों से तोड़वाकर निर्माण कार्य में लिया जा रहा है जिससे राजस्व का हानि हो रहा है वही ठेकेदार को महज कम खर्चा में काम बन जा रहा है, दिलचस्प की बात यह है की ठेकेदार द्वारा पत्थर को जंगलों से तोड़वाकर ट्रैक्टर में लोड़कर मुख्यमार्ग से होते हुए डैम के किनारे पिचिंग तक किया जा रहा है पर जिम्मेदार अधिकारियों को कुछ दिखाई तक नहीं दे रहा या फिर एक तरह से यह भी कहा सकते हैं वो कुछ देखना ही नहीं चाहते क्या इसमें इनका निजी स्वार्थ तो नहीं?

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर



** अभी भी जंगलों में 3 से 4 ट्रैक्टर पत्थर पड़े हुए है जिसकी जानकारी वन रक्षक जयपाल राठिया द्वारा उच्चाधिकारियों को दे दिया गया है पर विभाग द्वारा पत्थरों को अपने कब्जे में नहीं लिया जा रहा अगर ऐसा ही रहा तो ठेकेदार द्वारा उसे भी डैम कार्य में उपयोग करने में देरी नहीं लगेगी।*

" ठेकेदार उदय गुप्ता के नाम पर कार्यवाही करते हुए पीओआर काट दिया गया हैं और जंगल से 2 ट्रैक्टर तोड़े हुए पत्थर को जप्त कर लिया गया हैं। पत्थरों कि कुल संख्या पूछने पर अनीता भगत परिक्षेत्र सहायक बताया कि हम 2 ट्राली पत्थर जप्त किये हैं जिसकी संख्या के बारे मे कोई जवाब नहीं दिया गया। वही पीओआर क्रमांक के बारे मे जब पुछा गया तब उन्होंने बताया कि वो थोड़ी देर में सब जानकारी उपलब्ध करवा देगी और उनके द्वारा सभी प्रकार कि जानकारी उनके ऊपर के अधिकारियों को दी जा चुकी हैं जिसमें उन्होंने रेंजर और डीएफओ का भी जिक्र किया।

अनीता भगत परिक्षेत्र सहायक

" इस मामले में कार्यवाही करने के लिए पीओआर काट दिया गया हैं जिसके बाद पीओआर क्रमांक एवं इससे सम्बंधित अन्य जानकारी मांगी गयी तब जयपाल द्वारा कहा गया कि जानकारी डिप्टी रेंजर के पास है वही जानकारी उपलब्ध करवा पायेगी मेरा काम मैं कर दिया हूं आप उनसे पूछ लीजिये।

जयपाल राठिया, वन रक्षक जमरगी डी

" * बोरो रेंजर किंडो से कार्यालय पर मुलाक़ात कर जानकारी मांगी गयी तब उन्होंने कहा कि वहा जों पत्थर उपयोग किया जा रहा वह बाजार से खरीद का लाया गया हैं फिर जंगल से जो 2 ट्रैक्टर पत्थर जप्त किया गया हैं उसके बारे में जानकारी मांगी गयी तब उनके पास इससे सम्बंधित किसी भी प्रकार कि जानकारी उपलब्ध नहीं होने कि बात कही गयी। वही जब उससे पुछा गया कि डिप्टी रेंजर द्वारा आपको जानकारी दी गयी थी तब उन्होंने इससे साफ इंकार कर दिया और कहा गया शायद डीएफओ को जानकारी दिया गया होगा।

किण्डो रेंजर बोरो

# सीबीआई को मिली जांच की अनुमति

### डीएसपीई अधिनियम के तहत ब्यूरो करेगा जांच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई को राज्य में एक मामले की जांच की अनुमति दे दी है। भ्रष्टाचार से जुड़े इस मामले की जांच सीबीआई दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (डीएसपीआई) अधिनियम के तहत जांच करेगी। इस संबंध में गृह विभाग ने नोटिफिकेश जारी कर दिया है। बात दें कि सीबीआई की स्थापना डीएसपीआई एक्ट के तहत की गई है और ब्यूरो इसी एक्ट के तहत कार्यवाही करती है।

सीबीआई को जांच की अनुमति सीबीआई को भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने अनुमति दी है। यह मामला रिश्वतखोरी से जुड़ा है। बात दें कि 29 जनवरी 2024 को सीबीआई ने भिलाई में एक बीएसपी कर्मी शम्सुज्जमा खान को रिश्वत लेते पकड़ा था। इसी मामले की जांच के लिए सीबीआई ने गृह विभाग से अनुमति मांगी थी।

अब हफ्ते में 3 दिन होगा वार्डों का निरीक्षण-

# निगम कमिश्नर और चीफ म्युनिसिपल ऑफिसर को मिला जिम्मा, विभाग ने जारी किया निर्देश



**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में नगरीय प्रशासन विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। अब से हफ्ते में तीन दिन वार्डों का निरीक्षण किया जाएगा। इसका जिम्मा नगर निगम आयुक्त और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिया गया है। प्रदेश के डिप्टी सीएम और नगरीय प्रशासन विकास मंत्री अरुण साव ने विभाग की समीक्षा के बाद ये निर्देश दिया है। डिप्टी सीएम अरुण साव की समीक्षा के बाद स्वच्छता, निर्माण कार्य, अतिक्रमण, राजस्व वसूली, पीएम आवास, पेयजल और विद्युत व्यवस्था के संबंध में विभाग ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही सभी विभाग में व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने नगरीय निकाय के हर वार्ड के लिए जरूरत के अनुसार नोडल अधिकारी और सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर सफाई के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। सड़कों और नालियों की नियमित सफाई के साथ ही गारबेज वल्नरेबल पॉइंट्स को चिन्हांकित कर ऐसे स्थानों पर विशेष सफाई की व्यवस्था के भी निर्देश दिए हैं।

हमारे विधायकों से संपर्क कर रही बीजेपी

# लोकसभा टिकट और मंत्री पद देने का वादा, चुनाव से डरी बीजेपी-भूपेश बघेल

रायपुर। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली दौरे पर हैं। दिल्ली जाने से पहले भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि हमारे विधायकों से फोन पर संपर्क किया जा रहा है। लोकसभा टिकट और मंत्री पद देने की बात कह रही है। विधानसभा में मुझे भी एक विधायक ने ये बताया था।

बघेल ने कहा बीजेपी की इन हरकतों से पता चल रहा है कि वो कितनी डरी-सहमी हुई है। इससे



ये भी पता चलता है की बीजेपी 2024 का चुनाव हराने वाली है।

भूपेश बघेल ने कहा भाजपा 2024 इलेक्शन को लेकर डरी सहमी हुई है। बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र की घटनाएं इस बात की ओर संकेत देती है। भाजपा 2024 चुनाव में भाजपा हारने वाली है। इस कारण से तोड़फोड़ कर रहे हैं। खुद पर भरोसा इन्हे नहीं रहा यह स्पष्ट हुआ है। महतारी वंदन योजना के आवेदन तिथि को बढ़ाने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मांग की। उन्होंने कहा- तिथि बढ़ाई जानी चाहिए, महिलाएं वंचित रह जाएंगी। जो 60 लाख से ऊपर फार्म भाजपा ने चुनाव समय भराए थे उन्हें फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं होनी थी।

# दीनदयाल ऑडिटोरियम में पीएम श्री योजना का आगाज

### *पहले चरण में छत्तीसगढ़ के 211 स्कूल होंगे अपग्रेड, लेटेस्ट टेक्नोलॉजी से होगी पढ़ाई*

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया पीएम श्री योजना का शुभारंभ हो गया है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में इस योजना का शुभारंभ छत्तीसगढ़ में किया गया। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 211 स्कूलों के अपग्रेड किया जाएगा। राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान स्थित पंडित



दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित रहे। रायपुर के सांसद सुनील सोनी भी पीएम श्री के शुभारंभ के साक्षी बने। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत देश भर के 14500 सरकारी स्कूलों को पीएम श्री योजना में अपग्रेड किया जा रहा है। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के 211 स्कूलों का चयन प्रथम चरण में किया गया है।

इसमें एलीमेन्ट्री स्तर पर 193 और सेकेंडरी स्तर पर 18 स्कूल शामिल है। विद्यार्थियों को इन स्कूलों में आईसीटी, डिजिटल क्लास रूम के माध्यम से प्रदान की जाएगी। इन स्कूलों के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा एवं स्थानीय उद्योगों के साथ इंटर्नशिप, उद्यमिता के अवसरों से जोड़ा जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग एवं साक्षरता विभाग भारत सरकार, स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन और केन्द्रीय विद्यालय संगठन एवं नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लोकसभा सांसद सुनील सोनी, विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोती लाल साहू, अनुज शर्मा, गुरू खुशवंत साहेब, इंद्र कुमार साहू आदि शामिल हुए।

# भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे विपक्षी दलों के नेताओं की पूरी साख ही दांव पर है

गत वर्ष नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में जीत हासिल करने के बाद यह स्पष्ट हो गया था कि केंद्र की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को लेकर विपक्षी दलों के नेताओं को बख्शेगी नहीं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमीन घोटाले में हुई गिरफ्तारी से यह बात साबित हो गई। आश्चर्य यह है कि विपक्षी दल सोरेन की गिरफ्तारी पर भाजपा पर राजनीतिक विद्वेषता से कार्रवाई करने का आरोप तो लगा रहे हैं किन्तु यह एक बार भी नहीं बताया कि देश से भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए उनके पास क्या रोड मैप है। जिन राज्यों में विपक्षी दलों का शासन है, उनमें भ्रष्टाचार के खिलाफ क्या ठोस कदम उठाए गए हैं।

इसके विपरीत केंद्र की भाजपा सरकार को समझ में आ गया है कि देश के मतदाता भ्रष्टाचार के खिलाफ उसकी मुहिम के समर्थन में हैं। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने केंद्र की भाजपा सरकार को भ्रष्टाचार के आरोपों में घेरने की काफी कोशिश की, किन्तु कामयाबी नहीं मिल सकी। फ्रांस से खरीदे युद्धक विमान राफेल, अडानी और अंबानी को लेकर विपक्षी ने केंद्र सरकार पर कई आरोप लगाए। इन आरोपों को लेकर विपक्षी दलों सुप्रीम कोर्ट में याचिका तक दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने इन्हें सारहीन मान कर खारिज कर दिया। इससे भाजपा का नैतिक बल बढ़ गया। भाजपा ने भ्रष्टाचार की मुहिम को तेज करने के साथ ही सोरेने जैसे नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई की। विपक्ष भ्रष्टाचार पर बदले की नीयत का आरोप लगा रहा है किन्तु प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा नेताओं की गिरफ्तारी के ज्यादातर मामलों में अदालतों से जमानत तक नहीं मिल सकी। इससे जाहिर होता है कि ईडी और सीबीआई ने ठोस सबूतों के आधार पर कार्रवाई की है। तृणमूल कांग्रेस और आप सहित कई पार्टियों के नेता जमानत नहीं मिलने के कारण महीनों-सालों से जेल में बंद हैं। अदालतों ने यह माना है कि इन नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार में लिप्त होने के पर्याप्त सबूत मिले हैं। यही वजह है इनको जमानत नहीं मिल सकी, ताकि सबूतों और गवाहों को प्रभावित नहीं किया जा सके। गौरतलब है कि कांग्रेस सहित 14 दलों ने ईडी और सीबीआई पर दुर्भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में जांच एजेंसियों को लेकर भविष्य के लिए दिशानिर्देश जारी करने की मांग की गई थी। विपक्षी दलों का



**कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने केंद्र की भाजपा सरकार को भ्रष्टाचार के आरोपों में घेरने की काफी कोशिश की, किन्तु कामयाबी नहीं मिल सकी। फ्रांस से खरीदे युद्धक विमान राफेल, अडानी और अंबानी को लेकर विपक्षी ने केंद्र सरकार पर कई आरोप लगाए।**

तर्क था कि 2013-14 से 2021-22 तक सीबीआई और ईडी के मामलों में 600 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ईडी की ओर से 121 राजनीतिक नेताओं की जांच की गई है, जिनमें से 95 प्रतिशत विपक्षी दलों से हैं। सीबीआई की ओर से 124 जांचों में से 95 प्रतिशत से अधिक विपक्षी दलों से हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि विशेष मामले के तथ्यों के बिना सामान्य दिशानिर्देश निर्धारित करना संभव नहीं है। सीजेआई ने कहा कि जब आपके पास व्यक्तिगत आपराधिक मामला हो तो हमारे पास वापस आएं। मामले के तथ्यों से संबंध रखे बिना सामान्य दिशा निर्देश देना खतरनाक होगा। इस पर विपक्षी दलों ने याचिका वापस ले ली। ज्यादातर विपक्षी दलों के नेताओं को जमानत नहीं मिलने और सुप्रीम कोर्ट से विपक्षी दलों को मिली हार के बाद भाजपा के हौसले बुलंद हो गए। यही वजह है कि विगत विधानसभा चुनाव और उसके बाद सार्वजनिक तौर प्रधानमंत्री नरेन्द्र, गृहमंत्री अमित शाह सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरते रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी दलों के कई बड़े नेताओं पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद खतरे की घंटी सबसे तेज तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आस पास ही बज रही है। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले का सामना कर रहे हैं।

इस मामले में ईडी ने केजरीवाल को चार समन भेजे हैं लेकिन वो अभी तक केंद्रीय जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए हैं। केंद्रीय एजेंसियों की रडार पर करीब एक दर्जन से अधिक विपक्षी नेता हैं। देर-सवेर इनका भी बच पाना मुश्किल है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है। आरोप है कि रेवंत जब टीडीपी में थे, तो उन्होंने साल 2015 में विधान परिषद के चुनाव के दौरान अपने पक्ष में वोट देने के लिए एक विधायक को कथित तौर पर पचास लाख रुपये रिश्वत के तौर पर दिये थे।

**योगेंद्र योगी**

## संपादकीय

### यूपी में 11वीं सीट का खेला

उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 10 सीटें खाली हो रही हैं, जिसके लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है। विधानसभा की संख्या के लिहाज से भाजपा को सात और समाजवादी पार्टी को तीन सीटें मिलेंगी। दोनों पार्टियों ने पहले अपने अपने कोटे की सीटों के लिए उम्मीदवार की घोषणा की थी। लेकिन नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन यानी गुरुवार को भाजपा ने अपना आठवां उम्मीदवार चुनाव में उतार दिया। अगर यह उम्मीदवार नहीं आता तो सभी 10 लोग निर्विरोध चुने जाते। लेकिन अब चुनाव की नौबत आ गई है। अगर नाम वापसी के दिन कोई उम्मीदवार नाम वापस नहीं लेता है तो 27 फरवरी को चुनाव होगा। भाजपा ने आठवां उम्मीदवार समाजवादी पार्टी के पुराने नेता संजय सेठ को बनाया है। सपा ने उनको 2016 में राज्यसभा में भेजा था। 2022 में कार्यकाल पूरा होने के बाद वे भाजपा में चले गए थे। अब उनके जरिए सपा के एक उम्मीदवार को हराने के लिए भाजपा ने दांव चला है। इस समय उत्तर प्रदेश विधानसभा में चार सीटें खाली हैं। सो, 399 की संख्या के लिहाज से एक सीट जीतने के लिए 37 वोट की जरुरत है। भाजपा के अपने 252 सदस्य हैं। इसके अलावा अपना दल के 13 और निषाद पार्टी व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के छह-छह विधायक हैं। पिछले दिनों सपा का साथ छोड़ कर आए राष्ट्रीय लोकदल के नौ सदस्य हैं। इस तरह एनडीए के विधायकों की कुल संख्या 286 हो जाती है। उसे अपने सात सदस्यों की जीत के लिए 259 वोट की जरुरत है। उसके बाद उसके पास 27 वोट अतिरिक्त बचते हैं। दूसरी ओर रालोद के अलग होने के बाद सपा के पास अपने 108 और कांग्रेस के दो विधायक हैं।

# पाकिस्तान में फौज ही है सब कुछ, पर उसका नहीं है कोई राष्ट्रीय चरित्र

पाकिस्तानी सेना ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी को सत्ता में लाने की पटकथा चुनाव से पहले ही लिख दी थी। उसने अपने घनघोर आलोचक इमरान खान को जेल में डाल दिया। उन्हें चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। पार्टी का चुनाव चिह्न छीन लिया गया। पार्टी को निर्दलीय उम्मीदवारों के रूप में अपने प्रत्याशी उतारने पड़े। इसके बावजूद उन उम्मीदवारों ने नवाज शरीफ की पीएनएल (एन) और बिलावल की पीपीपी को धूल चटा दी। भले ही नवाज शरीफ की पार्टी फिर भी सरकार बना रही है, पर अब पूरा विश्व जान गया है कि उस दल को सत्ता सौंपी गई है, जिसे जनता ने बहुमत नहीं दिया है। दरअसल पाकिस्तान में अब तक अपराजेय रही सेना साल-डेढ़ साल से अपना दबदबा कायम रखने के लिए संघर्ष कर रही है। पर कुछ समय से उसका हर दांव उल्टा पड़ रहा है।

असल में पाकिस्तान ने जब से दुनिया के नक्शे में आकार लिया, तब से एकाध अपवाद छोड़कर फौज ही हुकूमत करती रही है। संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की संक्षिप्त पारी छोड़ दें, तो कोई भी राजनेता तभी काम कर पाया, जब उसने सेना के साथ तालमेल बिठाया। हालांकि अंतिम दिनों में जिन्ना भी अपनी छवि पर दाग लगने से नहीं रोक पाए थे। यहीं से पाकिस्तान के लोकतंत्र की गाड़ी पटरी से उतर गई। फौज धीरे-धीरे निरंकुश होती गई और उसके अधिकारी अपने-अपने धंधे करते रहे। यह फौज जुल्फिकार अली भुट्टो को प्रधानमंत्री भी बनवाती और सरेआम फांसी पर लटकाती है, बहुमत से चुनाव जीतने के बाद भी बंगबंधु शेख मुजीब उर रहमान को जेल में डालती है और एक मुल्क के दो टुकड़े भी होने देती है। बेनजीर भुट्टो की हत्या भी ऐसी ही साजिश का परिणाम थी। कारगिल में घुसपैठ कराके अपनी



किरकिरी कराने वाली भी यही फौज है। यानी सेना को जम्हूरियत तभी तक अच्छी लगती है, जब तक हुक्मरान उसकी जेब में रहें और उसके इशारों पर नाचते रहें। देश का पिछड़ापन और तमाम गंभीर मसले उसे परेशान नहीं करते।

वह जानती है कि लोग जब तक हिंदुस्तान से नफरत करते रहेंगे, तब तक उसकी दुकान चलती रहेगी। पाकिस्तान में महंगाई चरम पर है, बेरोजगारी

**पाकिस्तान में यदि कोई राष्ट्रीय चरित्र वाली पार्टी है, तो वह सेना है और दिलचस्प यह है कि उसका अपना कोई राष्ट्रीय चरित्र ही नहीं है।**

बढ़ती जा रही है, आतंकवादी वारदातें कम नहीं हो रही हैं, उद्योग-धंधे चौपट हैं, दुनिया में पाकिस्तान की किरकिरी हो रही है और देश दिवालिया होने के कगार पर है। शाहबाज शरीफ कल भी फौज की कठपुतली थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे। आज यदि सेना इमरान को प्रधानमंत्री बना दे, तो वे फिर फौज के गीत गाने लगेंगे और शाहबाज शरीफ को सेना गद्दी से उतार दे, तो वह उसके खिलाफ धरने पर बैठ जाएंगे। यानी पाकिस्तान में फौज ही सबकुछ है।

फौज के खिलाफ आम नागरिक सड़कों पर उतर आएं, ऐसा सिर्फ एक बार हुआ है। उस समय जनरल अयूब खान को राष्ट्रपति इस्कंदर मिर्जा ने सेना का मुखिया बनाया था। बीस दिन ही बीते थे कि अयूब खान ने सैनिक विद्रोह के जरिये मिर्जा को ही पद से हटा दिया। वे ग्यारह साल तक पाकिस्तान के सैनिक शासक रहे। इस दरम्यान अवाम कुशासन से त्रस्त हो गई थी और लोग सड़कों पर उतर आए थे। अयूब खान जब देश छोड़कर भागे, तो अपना उत्तराधिकारी जनरल याह्या खान को बना गए।

पचहत्तर साल बाद भी पाकिस्तान में कोई अखिल राष्ट्रीय पार्टी नहीं उभर पाई है। बिलावल भुट्टो की अगुआई वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी सिंध के मतदाताओं की दया पर निर्भर है, तो शरीफ बंधुओं की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) पंजाब के वोटरों के इर्द-गिर्द घूमती है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान नियाजी की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पख्तूनिस्तान और आसपास के सीमांत इलाकों में जनाधार वाली पार्टी है। बाकी कुछ सूबाई राजनीतिक दल भी चुनाव मैदान में हैं। लेकिन उनका असर इतना कम है कि उनकी नुमाइंदगी बमुश्किल दहाई में पहुंच पाती है। पाकिस्तान में यदि कोई राष्ट्रीय चरित्र वाली पार्टी है, तो वह सेना है और दिलचस्प यह है कि उसका अपना कोई राष्ट्रीय चरित्र ही नहीं है। वह कभी चुनाव मैदान में नहीं उतरती।

**राजेश बादल**

## मिला जुला

### एक नजर

#### संदेशखाली पर ममता सरकार को बड़ी राहत

नई दिल्ली. संदेशखाली मामले में ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के अधिकारियों के खिलाफ लोकसभा की विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। ममता बनर्जी सरकार ने सांसदों की शियाकत पर संसद की विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका फाइल की थी। बता दें कि संसद की विशेषाधिकार समिति ने पश्चिम बंगाल मुख्य सचिव और डीजीपी के खिलाफ विशेषाधिकार उल्लंघन की कार्यवाही करने का फैसला किया था। आरोप था कि भाजपा सांसद सुकांता मजूमदार के खिलाफ पश्चिम बंगाल में जानलेवा कार्रवाई की गई। वह यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं के प्रदर्शन में शामिल होने संदेशखाली पहुंचे थे। इसी बीच पुलिस ने भाजपा नेताओं पर लाठीचार्ज किया जिसमें मजूमदार बुरी तरह घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में ऐडमिट कराना पड़ा। सीजेआई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने यह फैसला सुनाया है। संसद की विशेषाधिकार समिति ने चीफ सेक्रेटरी भगवती प्रसाद गोपालिका और डीजीपी राजीव कुमार को सोमवार को समिति के सामने पेश होने का समन भजो था।

# पीएम मोदी ने संभल में कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं. यूपी दौरे के दौरान पीएम संभल में कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास किया और मंदिर के मॉडल का अनावरण किया. साथ ही साथ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज यूपी की धरती से भक्ति भाव और आध्यात्म की एक और धारा प्रवाहित होने को लालायित है. अभी आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि 18 साल बाद ये मौका आया है. वैसे भी कई अच्छे काम हैं जो कुछ लोग मेरे लिए ही छोड़ गए हैं. आज का दिन बहुत प्रेरणादायक हो जाता है. ये प्रेरणा हमें छत्रपति शिवाजी महाराज से ही मिलती है.

पीएम ने कहा कि पिछले दिनों प्रमोद कृष्णम जब निमंत्रण देने आए थे उसके आधार पर कह रहा हूं, आज जितना आनंद उन्हें हो रहा है, उससे ज्यादा सुख उनकी मां की आत्मा को मिल रहा होगा. मां के वचन के लिए बेटा कैसे जीवन खपा सकते हैं, ये प्रमोद जी ने बता दिया है. मेरे पास देने के लिए कुछ नहीं है, मैं सिर्फ भावना व्यक्त कर सकता हूं.



**रामलला के विराजमान होने का अलौकिक अनुभव**

पीएम मोदी ने विपक्ष पर इशारों ही इशारों में हमला बोला.उन्होंने चंदे पर चुटकी लेत हुए कहा है कि आज जमाना ऐसा बदल गया है कि सुदामा अगर पोटली में चावल देते, वीडियो निकल जाती तो सुप्रीम कोर्ट में क्क्षुरुदायर हो जाती कि भगवान कृष्ण भ्रष्टाचार कर रहे हैं. पीएम मोदी ने भगवान राम का जिक्र करते हुए कहा कि रामलला के विराजमान होने का अलौकिक अनुभव है, अभी भी क्षण भावुक कर जाता है.

इसी बीच देश के सैकड़ों किमी दूर अबू धाबी में हिंदू पहले मंदिर के साक्षी बने हैं. कल्पना से परे काम हकीकत बन रहे हैं. काशी का कायाकल्प होते देख रहे हैं. इसी दौर में महाकाल के महालोक की महिमा देखी है. आज एक ओर तीर्थों का विकास हो रहा है, तो शहरों में इंफ्रा तैयार हो रहा है. मंदिर बन रहे हैं, तो कॉलेज भी बन रहे हैं, विदेशी निवेश भी आ रहा है ये परिवर्तन प्रमाण है, समय का चक्र घूम चुका है.

### कल्कि धाम देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक

पीएम मोदी कांग्रेस से निष्कासित नेता और कल्कि पीठाधीश्वर प्रमोद कृष्णम के न्योते पर संभल पहुंचे. कल्कि धाम में आज कई संत, धर्मगुरु और अन्य जाने-माने लोग शामिल हुए हैं. वहीं, उज्जैन के बाबा महाकाल मंदिर से जुड़े महात्मा वैदिक मंत्र के बीच पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया है. उन्होंने कहा कि यहां 10 गर्भ गृह होंगे, भगवान के दसों रूपों को रखा जाएगा. इश्वरीय अवतार को अलग-अलग तरह से प्रस्तुत किया गया है. ये इश्वर की कृपा है कि भगवान ने मुझे इस काम का माध्यम बनाया है. उत्तर प्रदेश के संभल में कल्कि धाम देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है. इसका निर्माण कल्कि धाम निर्माण ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है, जिसके अध्यक्ष आचार्य प्रमोद कृष्णम हैं. पीएम के कार्यक्रम को लेकर कल्कि पीठाधीश्वर प्रमोद कृष्णम भी काफी उत्साहित दिखाई दिए. प्रधानमंत्री के दौरे से पहले उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सबके हैं. इस कार्यक्रम में अयोध्या के हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास, राम विलास वेदांती एवं स्वामी रितेश्वर महराज भी पहुंचे हैं. पीएम मोदी के दौरे से पहले यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कल्कि धाम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया. साथ ही साथ हेलीपैड पर पीएम का स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जनपद के उच्चाधिकारी व कल्कि पीठ के कुछ संतों ने किया.

# केंद्र का किसानों को 4 फसलों पर एमएसपी का प्रस्ताव

## 5 साल मक्का, कपास, अरहर-उड़द खरीदने का ऑफर, किसान बोले-2 दिन में सोचकर बताएंगे



**अंबाला.** पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर पिछले 7 दिन से आंदोलन कर रहे किसान नेताओं और केंद्र सरकार के बीच रविवार (18 जनवरी) को चौथे दौर की बैठक हुई। मीटिंग में सरकार ने 4 फसलों पर रूस्क देने का प्रस्ताव दिया। किसान संगठनों ने इस पर दो दिन विचार करके 20 फरवरी की शाम को अपना फैसला सुनाने की बात कही है।

### सरकार का प्रस्ताव

सरकार की तरफ से किसानों से बात करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार मक्का, कपास, अरहर और उड़द पर रूस्कदेने को तैयार है। अगले 5 साल तक चारों फसलों की खरीद सहकारी सभाओं के जरिए होगी। नैफेड और हृष्टष्टस्न से 5 साल के लिए कॉन्ट्रैक्ट होगा।

### किसानों की मांगें

किसान सभी फसलों को रूस्क पर खरीद के लिए कानून की मांग कर रहे हैं। उनकी मांग है कि फसलों की कीमतें स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर तय की जाएं। इसके अलावा किसानों ने मिर्च, हल्दी और दूसरे मसालों के लिए राष्ट्रीय आयोग के गठन की मांग भी की है।

### आगे क्या होगा

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि सभी जत्थेबंदियों से 19 और 20 फरवरी को विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद 20 की शाम को अपना फैसला बता देंगे। 21 की सुबह 11 बजे तक दिल्ली कूच को स्टैंडबाय पर रखा है।

# वायनाड में हाथियों के हमले में मारे गए व्यक्ति के परिजनों से मिले राहुल गांधी, मुआवज़ा देने की मांग की

अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बीच में ही छोड़कर राहुल गांधी केरल के अपने संसदी क्षेत्र वायनाड में हाथियों के हमले में मारे गए व्यक्ति के परिवार से मिलने पहुंचे. वीपी पॉल उनके टूरिस्ट गाइड थे और शुक्रवार को कुरुवा द्वीप पर जंगली हाथियों के हमले में उनकी मौत हो गई थी. पॉल पर हाथियों के झुंड ने हमला कर दिया था. परिजनों ने आरोप लगाया कि



अस्पताल में ठीक से इलाज न मिलने के कारण उनकी जान नहीं बचाई जा सकी. इसकी वजह से जि़ला मुख्यालय कालपेट्टा से 30 किलोमीटर दूर पुलपैल्ली में हिंसक प्रदर्शन शुरू हो गया. इस घटना को लेकर प्रमुख दलों, कांग्रेस नीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ़), सीपीएम नीत लेफ़्ट डेमोक्रेटिक फ़्रंट (एलडीएफ़) और भारतीय जनता पार्टी ने पूरे दिन के बंद का आह्वान किया था. इन राजनीतिक दलों की मांग है कि हाथियों के उत्पात और इंसानों को मारने की घटनाओं पर रोक लगनी चाहिए.

# गाजा के अल नासेर अस्पताल में इजरायल की सैन्य कार्रवाई, आईडीएफ ने हमास के 35 लड़ाके मार गिराए

इजरायली सेना का गाजा के रफाह में मौजूद अल नासेर अस्पताल में सैन्य कार्रवाई जारी है. आईडीएफ का दावा है कि सर्च ऑपरेशन के दौरान अस्पताल से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किए गए हैं. टैंक हमले में हमास के 20 से ज्यादा आतंकी मारे गए



हैं. वहीं, इजरायली डिफेंस फोर्स ने जमीनी सेना के साथ समन्वय करके 15 से अधिक आतंकियों को हवाई हमले में मार गिराया. इजरायल के सैन्य कार्रवाई की वजह से नासेर अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल है.

ऑक्सीजन ना मिलने से जहां चार मरीजों ने दम तोड़ दिया है, वहीं इजरायली गोलीबारी में कई लोगों की जान चली गई है. इजरायली फौज का दावा है कि हमास ने बंधकों को अस्पताल में ही छिपा कर रखा है.

दूसरी तरफ गाजा में हमास से जंग लड़ रही इजरायल की सरकार के खिलाफ विरोध बढ़ता ही जा रही है. एक तरफ युद्ध खत्म करने को लेकर इजरायली की सरकार पर भारी अंतरराष्ट्रीय दबाब है, वहीं दूसरी ओर देश के अंदर विरोध प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा. जंग की बढ़ती लागत और मारे जा रहे इजरायली सैनिकों को लेकर लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है. शनिवार को एक बार फिर हजारों लोग तेल अवीव की सड़कों पर उतर आए और जंग तुरंत खत्म करने की मांग की है.

प्रधानमंत्री फसल बीमा किसानों के लिए सुरक्षा कवच

# योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में अब तक 1789 बीमित कृषकों को किया गया बीमा पालिसी का वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम-जामबहार निवासी कृषक सेवाराम भगत ने कहा कि फसल नुकसान की स्थिति में मुझे पूर्व में बीमा योजना का लाभ मिल चुका है। उन्होंने कहा कि हम जैसे किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा एक वरदान है। जिससे खेती-किसानी में नुकसान होने पर बीमा कंपनी के माध्यम से नुकसान की भरपायी मिल जाती है, यह बहुत ही अच्छी योजना है। इस वर्ष भी मैं बीमा करवाया हूं जिसका पालिसी बीमा मुझे मिल गया है। इसी तरह तमनार विकासखण्ड के ग्राम-कसडोल निवासी भूपेन्द्र साहू ने कहा कि फसल बीमा किसानों के लिए सुरक्षा कवच है। पिछले वर्ष भी मैने फसल बीमा करवाया था, जिसका मुझे मुआवजा मिल गया। इस वर्ष भी मैने बीमा करवाया है जिसकी बीमा पालिसी मुझे मिल गया है। ग्राम-बीरसिंघा की प्रमिला पैकरा ने बताया कि वह अपने पिता जी के नाम से टमाटर फसल के लिए बीमा करवायी थी। जिसकी बीमा पालिसी मुझे मिल गयी है। उन्होंने जिले के सभी किसानों को भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ उठाने हेतु आग्रह किया।




उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राकृतिक आपदाओं में होने वाले फसल के नुकसान से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का मुख्य उद्देश्य है। यह योजना बेमौसम बारिश, सूखा और अन्य प्राकृतिक अथवा स्थानीय आपदाओं की वजह से होने वाले नुकसान से बचाती है। योजना के तहत फसल बुआई से पहल, खड़ी फसल या कटाई के 14 दिन बाद तक फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई की जाती है। किसानों के लिए केंद्र और राज्य सरकारों की तरफ से कई तरह की योजनाएं चलाई जाती हैं। जिनका फायदा देशभर के करोड़ों किसान उठाते हैं। इस योजना में कम प्रीमियम देकर किसान अपनी फसल का बीमा करवाते हैं, अगर फसल को कोई नुकसान पहुंचता है तो उन्हें इसका पूरा मुआवजा मिल जाता है। फसल को नुकसान पहुंचने की स्थिति में 72 घंटे के भीतर आपको इसकी सूचना राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी बैंक, प्राथमिक सहकारी समितियां, लोक सेवा केन्द्र, भारत सरकार की क्रॉप इंश्योरेंस ऐप, जिला, तहसील स्तर के कृषि अथवा राजस्व कार्यालय अथवा बीमा कंपनी एवं नि:शुल्क सहायता सेवा नंबर रायपुर 1800 419 0344 अथवा भारत सरकार के सहायता सेवा नंबर 14447 में दे सकते है। जिसके बाद दावा सही पाए जाने पर आपको बीमा मिल जाएगा।

भारतीय कृषि बीमा कंपनी, रायगढ़ के जिला समन्वयक श्री संजीव कुमार साहू ने बताया कि वर्ष 2022-23 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ में 2060 किसानों को 2 करोड़ 79 लाख 55 हजार 180 रुपये का भुगतान किया गया। इसी तरह रबी के लिए कुल 193 किसानों को 24 लाख 16 हजार 290 रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

**मेरी पालिसी मेरे हाथ के तहत बीमित कृषकों को बीमा पालिसी का किया जा रहा वितरण**

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना जिले में संचालित है। जिसके अंतर्गत मौसम रबी-2023-24 में कुल 2231 कृषक बीमित हुए है, जिन्हें मेरी पालिसी मेरे हाथ के तहत बीमा पालिसी का वितरण भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा विभागीय सहयोग से किया जा रहा है। योजनान्तर्गत अब तक 1789 बीमित कृषकों को बीमा पालिसी कंपनी द्वारा विभागीय समन्वय के साथ बीमा पालिसी का वितरण कर दिया गया है। शेष कृषकों की बीमा पालिसी का वितरण किया जा रहा है।

## एक नजर

### घोटिया मोड़ के पास पुरुष शव मिला



**दंतेवाड़ा।** आज सुबह जिला बस्तर थाना मालेवाही घोटिया मोड़ के पास एक मृत पुरुष शव मिला है! शव की पहचान चैनू कश्यप पिता जोगी कश्यप उम्र 25 वर्ष निवासी बुढ़दुम ताड़ेलवाया पारा थाना बारसूर के रूप में हुई है। किसी अज्ञात द्वारा हत्या कर शव के पास माओवादी पर्चा डाला गया है! प्रारंभिक जानकारी अनुसार मृतक द्वारा अपने ही छोटे भाई जलकू कश्यप का हत्या करने का संदेह था! जिससे परिवार में आपसी विवाद व मतभेद थे! प्रथम दृष्टया में मामला आपसी रंजिश का प्रतीत होता है! थाना द्वारा मर्ग कायम कर सभी दृष्टिकोण से जांच की जा रही है!

### शासकीय उचित मूल्य की दुकान कोयनार के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर।** अनुविभागीय अधिकरी (रा.) तोकापाल द्वारा विकासखण्ड दरभा के ग्राम पंचायत कोयनार शासकीय उचित मूल्य की दुकान का संचालन ग्राम पंचायत कोयनार द्वारा संचालित किया जा रहा है। खाद्य निरीक्षक दरभा के प्रतिवेदन के आधार पर उक्त ग्राम पंचायत कोयनार स्थित शासकिय उचित मूल्य की दुकान का नवीन आबंटन किया जाना है। ग्राम पंचायत कोयनार विकासखण्ड दरभा स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु इच्छुक पंजीकृत सहकारी समितियां,ग्राम पंचायत, महिला समूह, वन सुरक्षा समिति द्वारा 20 फरवरी 2024 तक कार्यालयीन अवधि में आवश्यक सम्पूर्ण दस्तावेज सहित कार्यालय अनुविभागीय अधिकरी (रा.) तोकापाल में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। नियमित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। इससे पहले भी उक्त पंचायत में शासकीय उचित मूल्य की दुकान का आबंटन किये जाने हेतु आवेदन मंगाए गए थे, नियमित समय अवधि में कम आवेदन प्राप्त होने के फलस्वरूप नवीन प्रस्ताव जारी किया गया है।

### मेरी माँ कर्मा फ़िल्म के राजेश और बीना बने प्रांतीय स्टार प्रचारक

5अप्रेल को होगी फ़िल्म रिलीज

**कोंडागांव।** साहू समाज के आराध्य देवी मेरी माँ कर्मा हिन्दी धार्मिक फिल्म के प्रोड्यूसर डी एन साहू, यू.के. साहू के निर्देश पर नारायण लाल साहू राष्ट्रीय स्टार प्रचारक एवं छतीसगढ़ प्रभारी, गुरुशरण साहू छतीसगढ़ सह प्रभारी के अनुशंसा पर राजेश साहू जिला अध्यक्ष जिला साहू संघ कोंडागांव एवं बीना साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दंतेवाड़ा को प्रांतीय स्टार प्रचारक के पद पर नियुक्त किया गया है।राजेश साहू जिला अध्यक्ष कोंडागांव एवं बीना साहू उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा ने बताया कि 5 अप्रैल को रिलीज होने वाली मेरी माँ कर्मा फ़िल्म के प्रोडयुशर डी. एन. साहू के अथक प्रयास से हम सबकी आराध्या माँ कर्मा जी के जीवन चरित्र पर आधारित फ़िल्म का निर्माण किया गया है इस फ़िल्म को बनाने में इन्होने काफ़ी मेहनत की है अब हम सबका दायित्व बन जाता है की उनकी मेहनत का सही फल मिले हम लोग हिम्मत प्रदान करें एवं उनका मनोबल बढ़ाये और इस पुण्य कार्य में सभी सामाजिक संगठन का साथऔर सहयोग चाहिए ताकी इस फ़िल्म के माध्यम माँ कर्मा की ख्याति पूरे देश विदेश में फैले ऐसा उनका सपना है और पूरा देश -विदेश में माँ कर्मा के कर्मयोग एवं कृष्ण की भक्ति को जाने पहचाने और फ़िल्म के प्रोडयुसर डी एन साहू के सपना को साकार करने में सिर्फ साहू समाज ही नहीं सभी लोगो का सहयोग चाहिए ताकी आने वाले समय मे सभी सामाजिक बंधु अपने ईष्ट देवी देवताओं पर फ़िल्म निर्माण कर सके हम अपील करते है इस फ़िल्म को तन - मन से सहयोग जरूर देवे। मेरी मां कर्मा के लिए पापकार्न फ़िल्म प्रोडक्शन द्वारा प्रांतीय स्टार प्रचारक राजेश साहू एवं बीना साहू को बनाये जाने पर साहू समाज के पदाधिकारियों ने ख़ुशी व्यक्त किये है।जहाँ राजेश साहू समाज के विभिन्न पदों तहसील अध्यक्ष,युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष, गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता एवं पत्रकार भी है वही बीना साहू वर्तमान में नगर पालिका बचेली के पार्षद है सामाजिक गतिविधि में लगातार सक्रिय रहते हुए साहू समाज के विभिन्न पदों में कार्यरत है।इस नियुक्ति में नागेंद्र गुप्ता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।




वही इस नियुक्ति पर भूपेंद्र साहू ,कमलेश साहू, नरेंद्र साहू ,टीकम चंद साहू, भगत राम साहू ,नेहरू राम साहू ,पंचूराम साहू, श्रीमती नारायण साहू, वैभव चंदन ,योगेश साहू , उर्मिला साहू ,लक्ष्मी साहू ,भारती साहू ,डॉ ?निर्मला साहू ,दीपा साहू, गायत्री साहू ,माधुरी साहू, तूलेश्वरी साहू,कमला साहू,संगीता चंदन, श्रद्धा साहू, आसकरण साहू, बीरबल साहू, महेश साहू,गजेंद्र साहू कमलेश साहू, लीला शंकर साहू, मनोज साहू,बसंत साहू,अशोक साहू, पवन कुमार साहू, प्रदीप साहू, तुलसी साहू, बृज लाल साहू, लोमश साहू, उमेश साहू,संतोष साहू,सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारियों ने ख़ुशी व्यक्त किये है।

## काटागांव में एनीमिया मुक्त पंचायत अभियानांतर्गत शिविर का हुआ आयोजन

सभी ग्रामीणों की एनीमिया एवं सिकल सेल की हुई जांच

**कोण्डागांव।** आमचो एनीमिया मुक्त पंचायत अभियान के तहत कांटागांव में एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सरपंच जमुना मरकाम, सचिव सुकालु मरकाम सहित मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सीएचओ अंजनी मरकाम, आरएचओ सुकारो नेताम द्वारा लोगों के सहयोग से गांव की सभी धात्री माताओं, गर्भवती महिलाओं, महिलाओं, बालिकाओं, बालकों एवं पुरूषों की एनीमिया जांच की गयी। एनीमिया के साथ साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों द्वारा सभी की सिकलिंग जांच भी की। सरपंच द्वारा शिविर का लाभ अधिक से अधिक लोगों को देने हेतु मुनादी भी करवाई थी।




जिससे शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए एवं इस शिविर का लाभ लिया। इस शिविर में लोगों को एनीमिया के होने के कारणों के साथ इससे बचने के उपाय भी बताए गए। इसके लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को आहार में साग सब्जियों का महत्व बताने के साथ खून बढ़ाने के लिए पोषण आहार में चुकंदर, पालक, लालभाजी, अंडे को भी शामिल करने हेतु प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त बताया गया कि महिलाओं और पुरुषों दोनों को एनीमिया हो सकता है।

किसान केडिट निर्माण हेतु 377 गांवों में लगाये गये विशेष शिविर

## अभियान अंतर्गत 9041 किसानों का केसीसी कार्ड एवं 8670 का पीएम किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत हुआ पंजीयन

**कोण्डागांव।** जिले में किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ दिलाने हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत उपसंचालक कृषि डीपी तांडे के मार्गदर्शन में जिले के 377 ग्रामों में शिविर लगाकर किसानों का पंजीयन करने का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के तहत केसीसी कार्ड के साथ पीएम किसान योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों का पंजीयन भी किया जा रहा है। जिसके तहत अब तक केसीसी निर्माण हेतु कुल 9227 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 9041 को पात्र पाते हुए उनके के लिए किसान क्रेडिट कार्ड निर्माण हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। इसके अतिरिक्त पीएम किसान



योजनांतर्गत कुल 9356 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 8670 पात्र हितग्राहियों का योजनांतर्गत पंजीयन किया गया। इसके अंतर्गत केसीसी योजनांतर्गत कोण्डगांव विकासखण्ड में आयोजित 105 शिविरों के माध्यम से 2163, फरसगांव विकासखण्ड में आयोजित 69 शिविरों के माध्यम से 770, माकड़ी विकासखण्ड में आयोजित 77 शिविरों के माध्यम से 731, केशकाल विकासखण्ड में आयोजित 74 शिविरों के माध्यम से 1067, बड़ेराजपुर विकासखण्ड में आयोजित 52 शिविरों के माध्यम से 4496 पात्र हितग्राहियों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी। कलेक्टर द्वारा किसानों को कृषि आदानों की प्राप्ति एवं कृषि के लिए ब्याज मुक्त ऋण हेतु सुविधा की उपलब्धता हेतु शत प्रतिशत किसानों हेतु केसीसी निर्माण के निर्देश दिये हैं। जिसके अंतर्गत अभियान का संचालन किया जा रहा है।

## नौ राज्यों से 70 से अधिक पक्षी विशेषज्ञ व रिसर्चर मिलकर करेंगे कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पक्षियों का सर्वे

**जगदलपुर।** कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में पक्षियों की प्रजातियों का सर्वे, बर्ड काउंट इंडिया , और बर्ड एंड वाइल्डलाइफ छत्तीसगढ़ के साथ मिलकर यह सर्वे 25 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा हैं। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के प्राकृतिक रहवास में वन्यजीव और पक्षियों की विविधता को देखते हुए यह सर्वे का आयोजन किया जा रहा है ।

200 वर्ग किलोमीटर के विस्तार वाले इस राष्ट्रीय उद्यान में पेड़-पौधे और जीव जंतुओं का विविध आकर्षण है, जो एक सहज और सामंजस्यपूर्ण पर्यावरण बनाए रखता है। यहां की जैव विविधता का संगम प्राकृतिक सौंदर्य को और भी बढ़ाता है, साथी यहां आस-पास रहने वाले स्थानीय आदिवासी समुदाय इस राष्ट्रीय उद्यान के संरक्षण में अपनी भूमिका निभाने से कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान देश में अपनी विशेष पहचान बनाता है।

### मैना मित्र करते हैं पक्षियों के संरक्षण में कार्य

पार्क में मैना मित्र योजना संचालित है, जिसमें स्थानीय युवा और गांव के सदस्य पक्षियों के संरक्षण में सक्रिय रूप से भागीदारी दे रहे हैं। इसके अलावा, इको विकास समिति के सदस्य भी सहयोग प्रदान कर रहे हैं, जिससे सामुदायिक सहयोग के साथ प्राकृतिक संरक्षण में सुधार हो रहा है। यह उल्लेखनीय भी है कि छत्तीसगढ़ राज्य के राजकीय पक्षी बस्तर पहाड़ी मैना अब राष्ट्रीय उद्यान से लगे 15 से अधिक ग्रामों में दिखाई देने लगी है।

### 70 से अधिक पक्षी विशेषज्ञ व रिसर्चर हो रहे शामिल

इस पक्षी सर्वे कार्य में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना ,आंध्र प्रदेश, गुजरात और राजस्थान राज्यों से 70 से भी अधिक पक्षी विशेषज्ञ, रिसर्चर व वालंटियर शामिल हो रहे हैं जो कांगेर घाटी के अंतर्गत पक्षी अध्ययन के लिए अपना योगदान देंगे।

### पिछले वर्ष 200 से अधिक प्रजातियों का हुआ था अध्ययन

**पार्क निदेशक धम्मशील गणवीर ने कहा कि पिछले वर्ष भी पक्षियों का अध्ययन किया गया था जिसमें 201 पक्षियों की प्रजातियां की पहचान की गई थी, जिसमें पहाड़ी मैना, ब्लैक हुडेड ओरियोल,भृंगराज, जंगली मुर्गी, कठफोड़वा, रैकेट टेल, सरपेंटाईगर, आदि शामिल हैं। इस अध्ययन से यह स्पष्ट हो रहा है कि राष्ट्रीय उद्यान पक्षियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है। और देश के पक्षी प्रेमियों के लिए एक बर्डिंग हॉटस्पॉट के रूप में उभर कर आ रहा है।**

## जिला अस्पताल में आहार प्रदायगी, सफाई एवं सुरक्षा हेतु निविदा 11 मार्च तक आमंत्रित

**कोण्डागांव।** कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला अस्पताल कोण्डागांव से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु खुली निविदा के माध्यम से इच्छुक पंजीकृत स्व. सहायता समूह समिति से भर्ती मरीजों एवं जे.एस.एस.के. आहार प्रदायगी, साफ-सफाई एवं सुरक्षा कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गई है। जिसकी निविदा फार्म जमा करने अंतिम तिथि 11 मार्च 2024 निर्धारित कि गई है। निविदा फार्म जिले के वेबसाईट kondagaon.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है। उक्त वेबसाईट से निविदा फार्म डाउनलोड कर पंजीकृत डाक के माध्यम से कार्यालय में जमा किया जाना है तथा निविदा फार्म का शुल्क निविदा के साथ 1000 रूपये का डीडी जीवनदीप समिति आरएनटी हॉस्पीटल कोण्डागांव के नाम से जमा किया जाना अनिवार्य है।

## सिक्योरिटी गार्ड सहित विभिन्न 650 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप 22 और 23 फरवरी को

**कोंडागांव।** सिक्योरिटी गार्ड सहित विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 22 और 23 फरवरी को किया जाएगा। 22 फरवरी को जनपद पंचायत फरसगांव और 23 फरवरी को लाईवलीहुड कॉलेज कोंडागांव में प्लेसमेंट कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन प्लेसमेंट कैंप में 5वीं से 8वीं उत्तीर्ण 100 युवकों को सिक्योरिटी गार्ड के पद पर 9000 से 11 हजार रुपए वेतन की दर पर चयन किया जाएगा।

## भाजपा जो बोलती है वो ज़रूर करती है , कांग्रेस पार्टी अपनी चिंता करें

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महामंत्री भरत लाल वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मातृ वंदन योजना पर दिए गए बयान पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मातृ शक्ति से जो वादा किया गया हैं उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा क्योंकि ये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दी गई गारंटी है। भारतीय जनता पार्टी जो बोलती हैं उसे ज़रूर पूरा करती है कांग्रेस की तरह नहीं जो वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में हाथों में गंगाजल लेकर छत्तीसगढ़ में महिलाओं से शराबबंदी करने का वादा किया था और सत्ता मिलते ही अपना वादा भूल गए और पांच साल सत्ता की मलाई खाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को महिलाओं की चिंता हो रही हैं। दरअसल महतारी वंदन योजना को मिल रहा रिस्पॉन्स को देखकर सारे कांग्रेसी नेताओं के सीने में सांप लोटने लग गया हैं और बौखलाहट



महतारी वंदन योजना मात्र योजना नहीं है ये मोदी की गारंटी है

जनता बहुत जल्द ये कहने ना लगे कि एक थी कांग्रेस-महामंत्री भरत लाल वर्मा

वश अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। ये इनकी हताशा को स्पष्ट रूप से दर्शाया रहा है । महतारी वंदन योजना मात्र योजना नहीं है ये मोदी की गारंटी ।प्रदेश में इस योजना का लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में महिलाओं द्वारा आवेदन किया जा रहा हैं 5 फरवरी से महिलाओं द्वारा आवेदन भरने का सिलसिला जारी है। इसके लिए प्रशासन द्वारा शिविरों में महिलाओं से आवेदन पत्र भरवाए जा रहें हैं अब तक 70 लाख के आसपास आवेदन पत्र प्राप्त हो चुके है। राज्य शासन द्वारा ऑनलाइन एवम ऑफलाइन माध्यम से आवेदन पत्र लिए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ की भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महतारी वंदन योजना लागू की गई है आगामी मार्च महीने से पात्र महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलने लगेगा। प्रतिवर्ष 12 हज़ार रुपए की सहायता राज्य सरकार द्वारा पात्र महिलाओं को दी जाएगी। भारतीय जनता पार्टी महामंत्री भरत लाल वर्मा ने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपनी कांग्रेस पार्टी की चिंता करनी चाहिए क्योंकि जिस प्रकार इंडी एलायंस के घटक दल एवम वरिष्ठ नेता कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं कहीं ऐसा न हो देश की जनता बहुत जल्द ये कहने ना लगे कि एक थी कांग्रेस.....?

## प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत जिले के स्कूलों में किया गया 'न्यौता भोजन'

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समस्त शासकीय व अनुदान प्राप्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में समुदाय के भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए न्यौता भोजन प्रारंभ किया गया है।

न्यौता भोजन का प्रमुख उद्देश्य प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत जिले में अध्ययनरत प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त पोषण आहार में वृद्धि की दृष्टि से न्यौता भोजन का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के न्यौता भोजन का आशय भोजन दान की प्रकृति को महादान की प्रकृति के रूप में




प्रचारित किया जाना है। उक्त दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सामुदायिक भागीदारी-जैसे विभिन्न त्यौहारों, विशेष अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह एवं राष्ट्रीय पर्व में भारतीय परंपरा आधारित बड़ी संख्या में लोगों को भोजन कराया जाता है।

शासन के आदेश के परिपालन में दानदाताओं के द्वारा आज रायगढ़ जिले के सभी विकासखण्डों में क्रमश: विकासखण्ड खरसिया के शास.प्राथ.शाला नवीन कन्या खरसिया, बाल मंदिर खरसिया, प्राथ.शाला छोटे डूमरपाली, माध्य.शाला मुरा, प्राथ.शाला रावणभांठा बर्रा, माध्य.शाला जैमुरा, प्राथ.शाला तेन्दुमुड़ी (बरभौना), माध्य.शाला कुनकुनी, माध्य.शाला खैरपाली, माध्य.शाला ठुसेकेला, माध्य.शाला तेलीकोट, प्राथ.शाला हमालपारा, विकासखण्ड रायगढ़ के प्राथ.शाला कुरमापाली, प्राथ.शाला भगोरा, प्राथ.शाला कारीछापर, माध्य. शाला किरोड़ीमल नगर, माध्य.शाला कार्मेल कन्य रायगढ़, विकासखण्ड धरमजयगढ़ के प्राथ.शाला जोगड़ा, माध्य.शाला कटाईपाली-सी, माध्य.शाला लामीखार, विकासखण्ड घरघोड़ा के प्राथ.शाला डेहरीडीह, माध्य शाला रायकेरा, विकासखण्ड तमनार प्राथ.शाला एवं माध्य.शाला भगोरा, माध्य.शाला पेलमा, विकासखण्ड लैलूंगा के प्राथ.शाला झगरपुर, प्राथ.शाला कलमी टिकरा, माध्य.शाला ढोर्रोबीजा, माध्य.शाला केराबहार, माध्य.शाला लमडांड, विकासखण्ड पुसौर के कन्या माध्य.शाला कोड़ातराई, माध्य.शाला पुसल्दा, प्राथ.व माध्यमिक शाला डूमरमुड़ा में न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। न्यौता भोजन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन की ओर से समस्त दानदाताओं से अपील है कि अपने जन्मदिन, वर्षगांठ एवं अन्य त्यौहारी आयोजनों के अवसर पर प्राथ.एवं माध्य.स्तर के स्कूली बच्चों को पूर्ण भोजन के रूप में पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान करें। न्यौता भोजन के लिए अपने क्षेत्र के स्कूलों, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अथवा जिला शिक्षा से संपर्क कर सकते है।



# पढ़ी किताबें-गाए गीत, योगा कर की एनएसएस सर्टिफिकेट कोर्स तैयारी

जोबी कॉलेज में एनएसएस कैम्प के तीसरा दिन योगाभ्यास और श्रमदान सेवा पठन-पाठन को समर्पित रहा






जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा में चल रहे 07 राष्ट्रीय सेवा योजना योजना विशेष शिविर में सोमवार को प्राचार्य रविन्द्र थवाईत और रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एसपी दर्शन ने संयुक्त रूप से ग्राम काफ रमार में विद्यार्थियों की अनोखे अंदाज में क्लास ली। जहां,थवाईत ने विद्यार्थियों को एनएसएस की किताब का पन्ना.पन्ना पढ़ कर दैनिक गतिविधियों में समय.सारणी का पालन करते हुए सालाना 120 घंटे श्रमदान करने का अग्रह किया और आगामी समय में आयोजित होने वाली एनएसएस की विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तरीय बी सर्टिफि केट की तैयारी करवाते हुए, उनके आधार पर प्रतियोगी परीक्षाओं में मिलने वाले बोनस अंक जैसी उपयोगिताओं के प्रति जागृत किया। वहीं, दर्शन ने संस्कृत के यजु शब्द के जोड़ एवं महर्षि पतंजलि के योग की शुरूआत से लेकर योग गुरू कहे जाने वाले आचार्य रामदेव तक विधियों से योगाभ्यास कराया और भुजंग व शवासन आदि के महत्व बतला,। इधर अतिथि डॉ. संतोष देवांगन ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के इस 07 दिवसीय शिविर को नवरात्रि में 09 दिन किए जाने वाले उपवास और भक्ति की तरह लेने की बात करते हुए समापन तक ध्यानपूर्वक सीखने और घर वापसी के बाद भी सिखाए जा रहे गुणों को निरंतर अभ्यास में बनाए रखने की मार्मिक अपील की।

## विद्यार्थी भी बंटाने लगे हाथ

इस दौरान बहुतेरे कार्यो की कमान विद्यार्थियों ने स्वयं सम्हाली। जिसमें बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र धमेन्द्र राठिया ने कुशल मंच संचालन एवं व्यवस्थागत सहयोग में छात्रा मधु महंत, नेहा राठिया, अंकिता देवांगन, सरस्वती राठिया और अमेश्वरी राठिया सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर

# हत्या करने के नीयत से प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

जमीन विवाद का रंजिश रख अपने ही भतीजे पर किया हमला

रतनपुर पुलिस ने आरोपी को किया चंद घंटो में गिरफतार




जोहार छत्तीसगढ़ - रतनपुर।

थाना रतनपुर क्षेत्रार्तंगत ग्राम चोरहादेवरी में परिवारिक चाचा भतीजा में जमीन संबधी विवाद पर चाचा ने लोहे की पाईप से अपने ही भतीजे के सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया है कि सूचना पर त्वरित रतनपुर पुलिस पेट्रोंलिग व डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंचा जंहा मौके पर सनत भार्गव के कमरे में अमित भार्गव खून से लथपथ बेहोसी अवस्था में जमीन पर गिरा पडा था जिसे त्वरित ईलाज के लिये सीएचसी रतनपुर में भर्ती किया गया। अमित भार्गव के सिर में गंभीर चोट लगने से सिम्स अस्पताल बिलासपुर रिफर किया गया था वर्तमान में आहत अमित भार्गव का ईलाज चल रहा है।रतनपुर पुलिस के द्वारा आरोपी सनत भार्गव को फरार होने के पूर्व ही दिनांक 18 फरवरी 2024 के घटना कारित करने के चंद घंटो में गिरफतार कर लिया गया है। अब तक की जांच में परिवारिक जमीन बटवारा में आहत अमित भार्गव अपने हिस्से कें जमीन को गिरवी रख दिया जिस पर अभियुक्त चाचा सनत भार्गव के द्वारा पूरा जमीन को अपना बताकर विवाद किया तथा अमित भार्गव के सिर में लोहे की स्टील पाईप से प्राणघातक हमला कर देना पाया गया हैं ।

# छत्तीसगढ़ से मजदूरी करने वाले युवक नरोत्तम यादव ने पुणे में आयोजित मैराथन दौड़ में बनाया अपना स्थान



जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात खरोरा से 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम भरुवाडीह कला के एक युवा भाई नरोत्तम यादव पिता लखन यादव उम्र 23 वर्ष तथा शिक्षा 12वीं तक है जो छात्र अवस्था से ही पुलिस या आर्मी संबंधित सेवा के लिए तत्परता दिखाते हुए मेहनत कर रहा था। किंतु घर की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र के पुणे में पलायन कर मजदूरी कर रहा था जहां उन्होंने पुणे में आयोजित एक मैराथन दौड़ में 21 किलोमीटरदौड़ में पांचवा स्थान तथा 10 किलोमीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपनी एकाग्रता और जज्बात को प्रदर्शित कर एक अलग पहचान बनाया।

भाई नरोत्तम यादव की इस सफलता के लिए उनके ग्राम वासी एवं उनके साथीगण उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

साथ ही साथ युवक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसी पर भी प्रकार से शासन प्रशासन की ओर से सहयोग न मिलने के कारण मजदूरी करने के लिए महाराष्ट्र में आए थे जहां पर मैराथन की सूचना मिलने पर मैराथन में भाग लिया जिससे इस प्रकार छत्तीसगढ़ से बाहर रहते हुए भी छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ . जीस पर युवक ने छत्तीसगढ़ महतारी धन्यवाद देते हुए हमारे संवाददाता को जानकारी दिया।

# पुलिस उतरी सड़क पर लापरवाह वाहन चालकों की आई शामत


**अंबिकापुर-रायपुर ।** शहर में देर रात तक बेवजह घूमने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले, तीन सवारी चलने वाले वाहन चालकों पर बीती रात पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर 150 से अधिक पुलिस बल शहर की सड़कों पर उतरी और विभिन्न चौक-चौराहों में सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान करीब 130 गाड़ियों पर चलान किया गया। इस सघन चेकिंग अभियान के तहत शहर के सभी प्रमुख चैक चौराहो सहित शहर की सभी आउटर सीमा पर तैनात कर नाबालिग वाहन चालक, तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने एवं मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की गई।दरअसल, इन दिनों पुलिस द्वारा यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। प्रदेशभर के अलग अलग थाना क्षेत्रों में यह सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत करीब 130 गाड़ियों पर चलान किया गया तो वहीं बाइकर्स पर भी कार्रवाई की गई।

# भारतीय संस्कृति का संरक्षण के साथ युवाओं को गौरवशाली इतिहास से जोड़ने महानायक सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर : वित्त मंत्री ओपी चौधरी

जोहार छत्तीसगढ़ - रायगढ़।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक परम पूज्य माधव सदाशिव गोलवलकर %गुरूजी% की जयंती पर स्मरण कर सादर नमन करते हुए रायगढ़ विधायक एव वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा महान विचारक माधव सदाशिव गोलवलकर ने भारतीय संस्कृति के संरक्षण और युवाओं को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने के लिए जो कार्य किये है वे सदैव ही स्मरणीय रहेंगे। डॉ हेडगेवार के सानिध्य में वे स्वामी विवेका नंद के विचारो से प्रभावित रहे। 1938 के दौरान संघ-कार्य से जुड़कर अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले सदाशिव गोलवलकर गुरूजी ने आजादी के मूल्यों के लिए व्यक्तिगत स्तर पर अलख जगाए रखा। विभाजन के बाद पाकिस्तान से हिंदुओ को सुरक्षित निकालने में अहम भूमिका निभाने वाले गुरुजी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों का अतुलनीय पराक्रम, रणकुशलता, त्याग और बलिदान की गाथा भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित रहेगी। संकट के इस समय में गुरूजी भारत के उस भाग में घूमते रहे जो 15 अगस्त 1947 को पाकिस्तान बना दिया गया। जम्मू कश्मीर के भारत विलय में गुरुजी के योगदान को विस्मृत नही किया जा सकता। वित्त मंत्री ओपी ने उनके जीवन से जुड़े संस्मरण को आज के दौर में प्रासंगिक बताया।



# कलेक्टर चौहान के नेतृत्व में हो रहा अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर सख्त कार्यवाही



जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर चौहान के नेतृत्व में जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर सख्त कार्यवाही किया जा रहा है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में गौण खनिज चूनापत्थर, डोलोमाईट, सामान्य पत्थर के कुल 73 खदाने स्वीकृत है। जिला अंतर्गत वर्तमान में कुल 16 खदानों में से 06 खदाने सिया राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण छग पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय पर्यावास भवन रायपुर से पर्यावरण अनुमति प्राप्त कर संचालित है एवं 10 खदानों को राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण रायपुर द्वारा 11 जनवरी 2024 में गठित समन्वय समिति की अनुशंसा के आधार पर 27.04 2024 तक के लिए पर्यावरण स्वीकृति में वर्णित नियमो, शर्तों का पालन किये जाने के अधीन अंतरिम राहत आदेश जारी किया गया है। जिला अंतर्गत पर्यावरण एवं वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली भारत सरकार द्वारा बनाये गये परिवेश पोर्टल 2.0 के माध्यम से 15-1-2024 के पश्चात कुल 51 खदानों का पर्यावरण एवं वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी की गई। अंतरिम राहत हेतु परिवेश पोर्टल 2.0 में खदानों से संबंधित दस्तावेजो अपलोड किया गया है, जिसका अतरिम राहत आदेश दिये जाने हेतु प्रकरण राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण रायपुर सिया प्रक्रियाधीन है। शेष खदानों का पट्टेदारों द्वारा 15 जनवरी 2024 के पूर्व सिया में आवेदन प्रस्तुत किया गया एवं वर्तमान में सिया से पर्यावरण स्वीकृति एवं अंतरिम राहत आदेश जारी किये जाने हेतु प्रक्रियाधीन है।

इस संबंध में राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण रायपुर द्वारा अविलंब अंतरिम राहत व पर्यावरण अनुमति जारी किये जाने हेतु अवगत कराया गया है। जिला अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023 2024 में 31जनवरी 2024 तक विभाग द्वारा अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण के क्रमश 88,08,01 प्रकरण दर्ज कर राशि 9,39,250 और 1115550 रुपए वसूल की कार्यवाही प्रक्रियाधान समझौता राशि इस तरह अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण में कुल 97 प्रकरण दर्ज कर कुल राशि 2054800 रुपए समझौता राशि के रूप में वसूल कर खनिज मद में जमा कराया गया है। कलेक्टर केएल चौहान के मार्गदर्शन में 24 जनवरी 2024 को टॉस्क फोर्स की बैठक में दिये गये निर्देशानुसार खनिज, राजस्व, पुलिस, परिवहन एवं वन विभाग को अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज के नियमो, अधिनियमों के तहत सजा कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिलांतर्गत अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण क्षेत्रो का चिन्हांकित कर यथा गुडेली, टिमरलगा, कटंगपाली, मौहापाली, जोतपुर, साल्हेओना, सरिया, सरसीवा, भटगाव एवं बिलाईगढ़ क्षेत्रों का सघन जांच एवं निरीक्षण कर अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण पर सख्त कार्यवाही किये जाने हेतु दिये गये निर्देशों के परिपालन में जिला के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर एवं सघन जांच कर सख्त कार्यवाही की जा रही है।

# अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल का 24 वां वार्षिकोत्सव संपन्न




जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

नगर में संचालित संस्थान अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल शक्ति का 24 वां वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बि एल खर जिला शिक्षा अधिकारी जिला शक्ति थे। साथी विशिष्ट अतिथियों में नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी श्याम सुंदर अग्रवाल, राम अवतार अग्रवाल महबूब खान, अनूप अग्रवाल, रामनरेश यादव, सुमित शर्मा तथा राकेश अग्रवाल के साथ-साथ अनिल दरयानी, अनीश खान, तेज प्रकाश उपाध्याय, नितिन सोनी, सोमेश्वर जायसवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संरक्षक एवं सेवा निवृत्ति इंजीनियर मुरारी लाल साहू के द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। सरस्वती वंदना कक्षा 9 के छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया स्वागत गीत व नृत्य क्लास सिक्स कि छात्रों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में नन्हे नन्हे बच्चों जिन्होंने अभी-अभी विद्यालय में प्रवेश लिया है पहली बार स्टेज में उतरकर अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। जिसे पालको अत्यधिक पसंद किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ.साथ इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण थे गत वर्ष के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत करना। उसके साथ.साथ स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार प्रदान किया गया।कार्यक्रम में पुरस्कार प्राप्त करने वालों में कक्षा 12वीं से विवेक अग्रवाल पिता राम अवतार अग्रवाल को पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर श्रेया पांडे, पिता शैल कुमार पांडे, को प्रदेश में 9 वां स्थान प्राप्त होने पर तथा विज्ञात अग्रवाल पिता बजरंग प्रसाद अग्रवाल, चिराग देवांगन पिता पुष्पेंद्र देवांगन, स्नेहा साहू पिता विजय कुमार साहू, अभिषेक साहू पिता चंद्र प्रकाश साहू को बोर्ड परीक्षाओं में 90: से अधिक अंक प्राप्त होने पर पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार क्लास 10 जी से डेविड कुमार जांगड़े पिता यादेश्वर जांगड़े, अपूर्वा कश्यप पिता राजाराम कश्यप, भूमिका साहू पिता दिनेश कुमार साहू, गरिमा साहू पिता राजेश्वर प्रसाद साहू, जय महंत पिता राकेश रोहन महंत, मुस्कान देवांगन पिता बजरंग लाल देवांगन, कीर्ति साहू पिता जगदीश प्रसाद साहू 90: अधिकांश प्राप्त होने पर पुरस्कृत किया गया। इसके साथ-साथ इस सत्र का स्टूडेंट ऑफ द ईयर का पुरस्कार

प्रेरणा साय पिता दयानंद साय देवांशी यादव पिता अजय यादव को दिया गया। तथा विलक्षण प्रतिभा पुरस्कार कक्षा दूसरी के मोनीष देवांगन पिता नारायण प्रसाद देवांगन को दिया गया।

# शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुढ़ियारी में हो रहा लोगों का सफल इलाज




जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

मामला रायपुर जिला स्थित शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुढ़ियारी का है जहां पर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ व इलाज मिल रहा है। जानकारी लेने पर गणेश कुशवाहा की माता कुमारी अंजिता 8 वर्ष जिसे बुखार की समस्या थी इस प्रकार गणेश जिसका उम्र 6 माह का है।

जिसे सर्दी खांसी के साथ ही साथ सांस लेने में समस्या हो रही थी उसका इलाज प्रभारी सह शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बी. के. सिंहा के द्वारा इलाज किया गया। वह सभी प्रकार के मेडिसिन भी नि:शुल्क दिया गया इस प्रकार अंश वीर पिता शिशिर का भी इलाज हुआ। जिसमें बताया गया कि जब से नए डॉक्टर यहां पर आए हैं तब से इलाज अच्छा से हो रहे हैं व सभी प्रकार की मेडिसिन भी आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं इस प्रकार नारायण यादव अपनी पत्नी रुक्मणी देवी जो की सरोरा गोंदवारा से हैं इलाज के लिए आए थे जिसके द्वारा बताया गया कि एक हफ्ता पहले सर्दी बुखार की भी समस्या थी जिसको लेकर यहां आए थे तो डॉक्टर के द्वारा कुछ टेस्ट करके इलाज किया गया। जिसमें संतुष्ट हैं ऐसा बताया गया। वही बात करें शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की तो लोगों के द्वारा ऐसा बताया जा रहा है कि यहां पर हमेशा डॉक्टर वह स्टाफ हमेशा उपलब्ध रहते हैं और सभी प्रकार की इलाज आसानी से हो जाती है इसलिए हम लोग यहां इलाज के लिए आते हैं। और दिलीप कुमार उम्र 73 वर्ष है उन्होंने कहा कि इस प्रकार अगर सभी शासकीय अस्पतालों में हो जाए तो सभी गरीबों तथा जरूरत मंद को इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वही बात करें ओपीडी की तो प्रतिदिन 300 से अधिक या लगभग होते हैं जिसमें 70 से 75 सिर्फ शिशु छोटे बच्चे आते हैं यह जानकारी डॉक्टर स्टाफ से मिली है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुढियारी में टीकाकरण भी रायपुर में सबसे अधिक है यहां पर शतप्रतिशत टीकाकरण होता है। जिले में सबसे बड़ा कोल्ड चेन सेंटर गुढियारी में ही है तथा सबसे अधिक टीकाकरण हुआ है ओपीडी में 50000 मरीजों का एक साल में इलाज होना अपने आप में एक गौरव की बात है। इस तरह यह हॉस्पिटल जन समुदाय के लिए कल्याण कारी साबित हो रहा है। यहां पर मरीजों का तुरंत ही सभी प्रकार के टेस्ट एंड स्वास्थ जांच करके इलाज दिया जाता है जिससे मरीज जल्दी ठीक हो रहे है एवम तुरन्त इलाज मिलने के कारण मरीजों को भटकना नहीं पड़ता वही उपलब्ध सुविधाओं की बात करें तो यहा पर 24'7 एमएलसी बनाया जाता है 24 घण्टे सुरक्षित प्रसव की सुविधा है बीपी शुगर तथा खून, पेशाब टेस्ट किया जाता हैं। उपलब्ध स्टाफ की बात करें तो 6 डॉक्टर एवं 11 स्टॉफ नर्स है जो दिन रात सेवा भाव से काम कर रहे है प्रभारी चिकित्सा अधिकारी दो बी के सिंहा एडाक्टर प्रेम रात्रे हॉस्पिटल को बहुत बढ़िया तरीके से संचालन कर रहे है यहां पर डॉक्टर कविता सिन्हा,डॉक्टर नेहा अग्रवाल,डॉक्टर अंकित खंडेलवाल एवं डॉक्टर,सिमरन कौर हैं सभी लोग परस्पर सहयोग की भावना से कार्य करते हैं।

## एनिमल पार्क में दिखेगा रणबीर कपूर का ज्यादा खूंखीर अंदाज

### 2025 में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग



रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर जैसे सितारों से सजी फिल्म एनिमल 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 556.31 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।एनिमल की सफलता के बाद अब दर्शक फिल्म की दूसरी किस्त एनिमल पार्क का इंतजार कर रहे हैं।ताजा खबर यह है कि एनिमल पार्क की स्क्रिप्ट के लेखन की शुरुआत फरवरी से होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, एनिमल पार्क की स्क्रिप्ट पर काम अगले महीने से शुरू होगा। फिल्म की शूटिंग 2025 में शुरू होगी।



मोनालिसा के लेटेस्ट लुक ने इंटरनेट पर मचाया बवाल

## बोल्ड लुक देख नजरें नहीं हटा पा रहे फैंस

भोजपुरी क्वीन मोनालिसा आए दिन अपनी बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरों से फैंस को हैरान कर देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में फैंस के बीच वायरल होने लगती हैं।

हाल ही में मोनालिसा ने अपनी लेटेस्ट स्टनिंग लुक्स में तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस फोटोज से धमाल मचाने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके सारे लुक्स को काफी पसंद भी करते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों को देखकर फैंस उनकी तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं मोनालिसा ने ग्रीन कलर का स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही क्लासी और हॉट नजर आ रहीं हैं, जिन पर फैंस अपना दिल हार बैठे हैं। मोनालिसा की इन स्टनिंग फोटोज को देखकर फैंस कॉमेंट्स के जरिए उनकी पोस्ट पर तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।

एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है नाइस आई लाइक इट तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है आप बहुत ही खूबसूरत हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।

## उर्दू भाषा के तौर-तरीकों और लहजे को अपनाना आसान नहीं था: सीरत कपूर


**शो रब से है दुआ में मन्नत का किरदार निभा रहीं अभिनेत्री सीरत कपूर ने खुलासा किया कि उर्दू भाषा के तौर-तरीकों और लहजे को अपनाना आसान नहीं था।**



एक महिला द्वारा दूसरी शादी के लिए अपने पति के अनुरोध पर सवाल उठाने के बारे में शो की अलग-अलग कहानी मुख्य कलाकारों अदिति शर्मा (दुआ), करणवीर शर्मा (हैदर) और ऋचा राठौड़ (गज़ल) के साथ पूरे शो के दौरान सुर्खियों में रही।

हालांकि, शो में 22 साल का लीप आएगा और अदिति शर्मा की जगह अभिनेत्री रेमन कक्कड़ बड़ी दुआ की भूमिका निभाएंगी। उन्हें अब एक मजबूत कुलमाता के रूप में देखा जाता है जिसने पारिवारिक व्यवसाय संभाल लिया है। यह शो अब दुआ की बेटियों - सौतेली बहनों इबादत (हैदर और ग़ज़ल की बेटी), और मन्नत (हैदर और दुआ की बेटी) की यात्रा पर केंद्रित होगा, जो पुरुषों द्वारा बहुविवाह की अनुमति देने वाले कानून के दुरुपयोग के खिलाफ हैं। इसमें टेलीविजन के दिलों की धड़कन धीरज धूपर सुभान की भूमिका निभाएंगे, और सीरत और येशा रुघानी क्रमश: मन्नत और इबादत की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अपनी भूमिका की तैयारियों के बारे में बात करते हुए, सीरत ने कहा: मैंने बहुत सारा होमवर्क किया क्योंकि मैं चाहती थी कि यह बहुत स्वाभाविक और प्रामाणिक हो। मैं इस खूबसूरत भाषा को बोलने में कोई गलती नहीं करना चाहती थी। हमारे पास कार्यशालाएं थीं और मैंने पढ़ा और ढेर सारा सामान सुना। उन्होंने साझा किया, यह कोई आसान काम नहीं था, लेकिन यह बहुत मजेदार था। कठिनाई इसे दिलचस्प बनाती है, आपको बहुत सी नई चीजें सीखने को मिलती हैं। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए सीरत ने बताया कि मन्नत एक बहुत मजबूत और आत्मविश्वासी लड़की है, जो अपने लक्ष्यों और आकांक्षाओं को लेकर स्पष्ट है। वह महत्वाकांक्षी है लेकिन बच्चों जैसी भी है, जो मुझे उसके बारे में बहुत पसंद आया। वह बहुत बहुस्तरीय है और उसमें कई शेड्स हैं।

## रजनीकांत की लाल सलाम ने 8 दिनों में ही बॉक्स ऑफिस पर तोड़ा दम, लाखों कमाना भी हुआ मुश्किल




आठ साल के ब्रेक के बाद ऐश्वर्या रजनीकांत ने अपनी लेटेस्ट रिलीज फिल्म लाल सलाम के साथ डायरेक्शन में कमबैक किया है. फिल्म में ऐश्वर्या के पिता और सुपरस्टार रजनीकांत ने भी एक्सटेंडेड कैमियो किया है. वहीं विशु विशाल और विक्रांत ने स्पोर्ट्स ड्रामा में लीड रोल निभाया है. इस फिल्म को रिलीज हुए 8 दिन हो चुके हैं लेकिन ये सिनेमाघरों में दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई है. इसी के साथ फिल्म कमाई के मामले में भी पीछे रह गई है. चलिए यहां जानते हैं लाल सलाम ने रिलीज के 8वें दिन कितनी कमाई की है.

लाल सलाम 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत ही काफी धीमी रही. 3.55 करोड़ रुपये से लाल सलाम ने अपना खाता खोला था. उम्मीद थी की वीकेंड पर फिल्म का कारोबार बढ़ेगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ और फिल्म की कमाई में हर दिन गिरावट दर्ज की गई. अब तो आलम ये है कि लाल सलाम बॉक्स ऑफिस पर रेंग रही है.

फिल्म की कमाई की बात करें तो लाल सलाम ने पहले दिन 3.55 करोड़, दूसरे दिन 3.25 करोड़, तीसरे दिन 3.15 करोड़, चौथे दिन 1.55 करोड़, पांचवें दिन 1.45 करोड़, छठे दिन 1.21 करोड़ और सातवें दिन 0.92 करोड़ की कमाई की. इसी के साथ लाल सलाम के पहले हफ्ते का कलेक्शन महज 15.08 करोड़ रुपये हो पाया. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे फ्राइडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

## वाणी कपूर, परेश रावल और अपारशक्ति खुराना ने मिलाया हाथ

### इस फिल्म में दिखेंगे साथ



बीते कुछ सालों में कई पारिवारिक ड्रामा फिल्मों ने दर्शकों का मनोरंजन किया है तो कमाई के मामले में भी इनका अच्छा प्रदर्शन रहा है।इनमें जुग जुग जियो, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी और सत्यप्रेम की कथा जैसी कई फिल्में शामिल हैं।ऐसे में अब निर्माताओं का झुकाव पारिवारिक ड्रामा फिल्मों की ओर बढ़ रहा है।इसी बीच अब निर्देशक नवजोत गुलाटी ऐसी ही फिल्म लाने की तैयारी में हैं, जिसके लिए सितारों का चयन हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, गुलाटी की इस बिना शीर्षक वाली फिल्म का निर्माण निकी विक्की भगनानी फिल्म्स द्वारा किया जाएगा।सूत्र ने बताया कि निर्माता इस फिल्म के लिए वाणी कपूर, परेश रावल और अपारशक्ति खुराना के साथ काम करने के इच्छुक थे।

## तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 100 करोड़ के करीब, लाखों में सिमटी फाइटर



शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर लव-रोमांटिक रोबोटिक ड्रामा फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए हैं. शाहिद और कृति की जोड़ी की पहली फिल्म ने 14 फरवरी को अपने ओपनिंग डे से भी ज्यादा कमाई की थी. फिल्म अब अपने 100 करोड़ के कलेक्शन की ओर बढ़ रही है. बीती 9 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म अपनी रिलीज के 9वें दिन में चल रही है. ऐसे में जानेंगे फिल्म ने आठ दिनों में वर्ल्डवाइड कितना कलेक्शन किया और आठवें दिन कितनी कमाई की. शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों का मिला-जुला रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ और वर्ल्डवाइड 100 करोड़ की ओर बढ़ रही है. फिल्म ने आठवें दिन 2.75 करोड़ का कलेक्शन किया है. वहीं, फिल्म का आठ दिनों का घरेलू कलेक्शन 47 करोड़ रुपये हो गया है फिल्म ने वर्ल्डवाइड 89.61 करोड़ रुपये कमाए लिए हैं.

लव-रोमांटिक रोबोटिक ड्रामा फिल्म को अमिता जोशी और आराधना साह ने लिखा और डायरेक्ट किया है. फिल्म में कृति सेनन ने एक रोबोट का रोल प्ले किया है और वहीं शाहिद कपूर एक रोबोट साइंटिस्ट के किरदार में दिख रहे हैं. शाहिद की सिफरा (कृति ) से शादी हो जाती है और शादी के बाद पता चलता है कि सिफरा एक रोबोट है. उधर सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म फाइटर शुरुआत से ही बॉक्स ऑफिस पर उड़ने के बजाय रेंग रही थी।

# खेल




राजकोट। राजकोट में 557 रन के पहाड़ जैसे टारगेट के सामने इंग्लैंड टीम 122 रन ही बना सकी। भारत ने रिकॉर्ड 434 रन से तीसरा टेस्ट जीता और सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। चौथा टेस्ट 23 फरवरी से रांची में शुरू होगा। रवींद्र जडेजा ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए, उन्होंने पहली पारी में सेंचुरी भी लगाई थी। जडेजा ने मैच में कुल 7 विकेट लिए, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। टीम से युवा यशस्वी जायसवाल ने भी दोहरा शतक लगाया।

## भारत ने 434 रन से जीता राजकोट टेस्ट

### रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत, यशस्वी का दोहरा शतक; जडेजा प्लेयर ऑफ द मैच



**भारत की रन से सबसे बड़ी जीत**

| बनाम | मार्जिन (रन) | कहां | कब |
|---|---|---|---|
| इंग्लैंड | 434 | राजकोट | 2024 |
| न्यूजीलैंड | 372 | मुंबई | 2021 |
| साउथ अफ्रीका | 337 | दिल्ली | 2015 |
| न्यूजीलैंड | 321 | इंदौर | 2016 |
| ऑस्ट्रेलिया | 320 | मोहाली | 2008 |

निरंजन शाह स्टेडियम में गुरुवार को भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। पहली पारी में टीम इंडिया ने 445 और इंग्लैंड ने 319 रन बनाए। भारत ने दूसरी पारी 430/4 के स्कोर पर डिक्लेयर की थी।

### भारत की सबसे बड़ी जीत

भारत ने 434 रन से इंग्लैंड को हराया। रन के अंतर से यह टीम की सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले टीम ने 2021 में मुंबई के वानखेड़े मैदान पर न्यूजीलैंड को 372 रन से हराया था। इंग्लैंड के खिलाफ इससे पहले टीम की सबसे बड़ी जीत 317 रन की थी। टीम ने 2021 में चेन्नई के मैदान पर इसे हासिल किया था।

### चौथे दिन शुभमन-कुलदीप ने इंग्लैंड को परेशान किया

भारत ने 196/2 के स्कोर से चौथे दिन खेलना शुरू किया। शुभमन गिल ने 65 और कुलदीप यादव ने 3 रन के निजी स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। शुभमन 91 और कुलदीप 27 रन बनाकर आउट हुए।

शनिवार को रिटायर्ड हर्ट हुए यशस्वी जायसवाल फिर बैटिंग करने उतरे। उन्होंने दोहरा शतक लगाया और सरफराज खान के साथ 172 रन की पार्टनशिप की। सरफराज ने डेब्यू टेस्ट की लगातार दूसरी पारी में फिफ्टी लगाई।

### भारत ने डिक्लेयर की दूसरी पारी

*टीम इंडिया ने 430/4 के स्कोर पर अपनी दूसरी पारी डिक्लेयर की। यशस्वी 214 और सरफराज 68 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। टीम ने पहली पारी में 126 रन की बढ़त बनाई थी, इसलिए इंग्लैंड को 557 रन का टारगेट मिला।*

एक नजर

## बेन स्टोक्स बोले- अंपायर्स कॉल को हटा देना चाहिए

### DRS पर क्रॉले के आउट पर कहा- हम थर्ड अंपायर के फैसले से आश्चर्यचकित थे



भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने डिसीजन रिव्यू सिस्टम (छ्रक्र) से अंपायर्स कॉल हटाने की मांग की है। स्टोक्स तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में जैक क्रॉले को LBW आउट दिए जाने के फैसले से निराश थे। इसी वजह से उन्होंने DRS नियम में बदलाव की मांग की है। राजकोट में खेले गए इस मुकाबले को भारतीय टीम ने रिकॉर्ड 434 रनों से जीता और 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। चौथा मुकाबला रांची में 23 फरवरी से खेला जाएगा। मैच के बाद स्टोक्स और इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैक्कुलम को मैच रेफरी जेफ क्रो से बातचीत करते देखा गया था। स्टोक्स ने कहा, रिप्ले में बॉल साफ तौर पर स्टंप से बाहर जा रही थी। ऐसे में जब अंपायर्स कॉल का फैसला आया तो हम थोड़ा आश्चर्यचकित थे। इसलिए हम हॉक-आई के लोगों से स्पष्टता चाहते थे। इस पर रेफरी ने कहा कि नंबरों के अनुसार बॉल स्टंप हिट कर ही थी, लेकिन प्रोजेक्शन गलत था। मैं इसका मतलब नहीं जानता। ऐसा नहीं है कि इसके लिए किसी को दोष दे रहा हूं। मुझे नहीं पता कि यह सब क्या चल रहा है?

## यशस्वी जायसवाल ने लगाए रिकॉर्ड 12 सिक्स

### सीरीज में सबसे ज्यादा छक्के का रिकॉर्ड भी बनाया, रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा




टीम इंडिया ने राजकोट टेस्ट रिकॉर्ड 434 रन से जीत लिया है। 557 रन के टारगेट के सामने इंग्लैंड टीम चौथी पारी में 122 रन ही बना सकी। रनों के अंतर से यह भारत की सबसे बड़ी जीत है।

यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक की वजह से भारतीय टीम इंग्लैंड को 557 रन का टारगेट देने में सफल रही। जायसवाल ने 214 रन की पारी में 12 सिक्स लगाए, जो किसी भी भारतीय द्वारा एक इनिंग में सबसे ज्यादा हैं। साथ ही वसीम अकरम (ड्ढन्ह्य जिम्बाब्वे) के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी भी की।

सीरीज में भी जायसवाल 22 सिक्स पूरे कर चुके हैं। वहीं, भारत ने दोनों पारियों में तीसरी बार 400+ का स्कोर बनाया।

जायसवाल ने भारतीय रिकॉर्ड को तोड़ा, वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की

यशस्वी जायसवाल एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने राजकोट में दूसरी पारी में 12 सिक्स लगाए। इसी के साथ ही उन्होंने पूर्व भारतीय बैटर नवजोत सिंह सिद्धू और मयंक अग्रवाल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सिद्धू ने 1994 में श्रीलंका के खिलाफ लखनऊ में पहली पारी में 8 सिक्स लगाए थे। वहीं, मयंक अग्रवाल ने 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ इंदौर के होलकर स्टेडियम में 8 सिक्स लगाए थे।

जायसवाल ने दुनिया में इस रिकॉर्ड में पाकिस्तान के वसीम अकरम की बराबरी कर ली है। अकरम ने 1996 में शेखुपुरा के मैदान पर जिम्बाब्वे के खिलाफ 12 सिक्स लगाए थे, जो अब तक सबसे ज्यादा हैं।

## बुमराह को चौथे टेस्ट से मिल सकता है आराम

### रिपोर्ट में दावा- आखिरी मैच खेलना और न खेलना रांची की जीत-हार पर निर्भर करेगा



तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले से आराम दिया जा सकता है। यह दावा क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज ने किया है। वेबसाइट ने एक रिपोर्ट में लिखा कि बुमराह धर्मशाला में पांचवां और अंतिम टेस्ट खेलेंगे या नहीं, इसका फैसला बाद में होगा और यह 23 फरवरी से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के नतीजे पर निर्भर करेगा। 30 साल के बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में टॉप विकेटटेकर हैं। वे तीन मैचों में सबसे ज्यादा 17 विकेट ले चुके हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि टीम इंडिया मंगलवार 20 फरवरी को राजकोट से रांची के लिए उड़ान भरेगी और बुमराह के टीम के साथ यात्रा करने की संभावना नहीं है। वे सोमवार को राजकोट से अहमदाबाद जा सकते हैं। किसी और खिलाड़ी के अगला टेस्ट नहीं खेलने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (क्चष्टष्ट्ठ) का कोई अधिकृत बयान नहीं आया है।

वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत बुमराह को आराम देकर आखिरी टेस्ट में तरोताजा रखना है। बुमराह इस सीरीज के तीन मुकाबलों में 17 विकेट लिए हैं। वे तीन मैचों में 80.5 ओवर गेंदबाजी कर चुके हैं। ऐसे में सिलेक्टर्स को लगता है कि उन्हें आराम की जरूरत है।

### सिराज को दूसरे टेस्ट में ब्रेक दिया था

बुमराह की जगह तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को तीसरे मुकाबले में मौका मिल सकता है। उन्हें दूसरे टेस्ट में रेस्ट दिया गया था। वे सीरीज के आखिरी 2 टेस्ट में भारतीय आक्रमण को लीड करेंगे।

## राजकोट टेस्ट में भारतीय टीम से जुड़े रविचंद्रन अश्विन

### मां की तबीयत बिगड़ने के कारण तीसरे दिन फील्ड पर नहीं उतरे थे



ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन राजकोट में चल रहे 5 मैचों की सीरीज के तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। वे तीसरे सेशन के दौरान मैदान पर उतरे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने रविवार सुबह जानकारी दी थी कि वे टीम से जुड़ेंगे। वे मां की तबीयत खराब होने के कारण तीसरे मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद चेन्नई लौट गए थे और छुट्टी पर होने की वजह से तीसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे थे।

### 500 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बने अश्विन

राजकोट टेस्ट में शुक्रवार को रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में अपने 500 विकेट पूरे किए। वे इस मुकाम तक पहुंचने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। उनसे पहले अनिल कुंबले ने 105 मैचों यह उपलब्धि हासिल की थी।

बदलते जशपुर अंचल की तस्वीर

# हर घर जल की संकल्पना हो रहा साकार,गांवों में हर घर तक पहुंच रहा स्वच्छ पेयजल

## नल जल योजना से दूर हो रही पानी की समस्या

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

आमजनों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने सरकार लगातार प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश भर के हर वर्ग के लोगों के लिए काम किया जा रहा है। जरूरतमंदों को आवास निर्माण की स्वीकृति व राशि प्रदाय करना हो या गरीबों को मुफ्त खाद्यान्न देना हो। चाहे महतारी वंदन योजना के तहत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने व आर्थिक संबल की दिशा में कार्य करना हो सभी क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सरकार कार्य कर रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के दूरस्थ एवं पहुंच विहीन दुर्गम स्थानों में स्थित ग्रामों में अब लोगों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल मिल रहा है। केन्द्र सरकार के जल जीवन मिशन से अब ग्रामीणों को अन्य स्त्रोतों का पानी नहीं पीना पड़ रहा है। शुद्ध पेयजल मिलने से ग्रामीण



खुश है, जशपुर जिले के विभिन्न ग्रामों तक जल जीवन मिशन के तहत् दूरस्थ अंचल के बसाहटों तक शुद्ध पेयजल पहुंच रही है। ग्रामीणों को घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत् सभी बसाहटों में पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य राज्य शासन द्वारा प्राथमिकता से किया जा रहा है। हर घर नल–जल योजना से प्रत्येक ग्रामीण परिवारो को 24 घंटे शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

नल–जल योजना के लाभार्थी ग्राम इचकेला, जशपुर निवासी मनोहर टोप्पो ने बयाता कि पहले इस गांव में पानी की बहुत बड़ी समस्या थी। यहां के लोगों को पानी लाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता था अपने घर से दूर लगे हैंडपंप कुएं से पानी लाना पड़ता था। कई बार हैंडपंप के कराब होने पर व कुएं में पानी नहीं होने पर तो कई किलोमीटर दूर पैदल चलकर पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ती थी। लेकिन आज शासन.प्रशासन के प्रयास से अब पानी लोगों के घरों तक पहुंचने लगा है। इस योजना से अब हमें प्रतिदिन घर पर पर्याप्त मात्रा में पानी मिलने लगा है, अब हमें पानी लाने की चिंता नहीं रहती है। इसके लिए प्रधानमंत्री,नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की अति महत्वपूर्ण नल जल योजना लाई गई है योजना के तहत पानी टंकी निर्माण से लेकर पाइप लाइन विस्तार के साथ सभी घरों में नल का कनेक्शन किया जा रहा है। जिससे इस जनकल्याणकारी



योजना का लाभ आम लोगों को मिल रहा है। जशपुर जिले में जशपुर, भागलपुर, घोलेंग, बालाछापर, इचकेला सहित सभी ब्लॉक के ग्रामों में विभाग द्वारा ग्रामीणों को पीने का स्वच्छ जल उपलब्ध होने से उनके स्वास्थ्य के लिए लाभदायक सिद्ध हो रहा है। इस योजना के माध्यम से ऐसे ग्रामीण और सुदूर इलाके, जहां जल की उचित व्यवस्था नहीं है वहां हर घर में पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पानी को लेकर चिंतित नहीं होना पड़ रहा हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जल की समस्या को दूर किया जा रहा है और हर घर जल की संकल्पना साकार किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

## 3 मार्च को पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 3 मार्च 2024 को आयोजित किया जाना है। पल्स पोलियो अभियान तीन दिवस तक चलाया जायेगा। प्रथम दिवस 3 मार्च को पोलियो बूथ पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी।

क्रमशः 4 एवं 5 मार्च को टीम सदस्यों द्वारा घर–घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो पिलाया जायेगा। स्वास्थ्य केन्द्र एवं आगनबाड़ी केन्द्रों को पोलियो बूथ बनाया जायेगा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन के माध्यम से टीम का गठन किया गया है। जिले के 1186 बूथों में 1186 टीम बनाया गया है, 4722 कार्यकर्ताओं द्वारा पल्स पोलियो अभियान में कार्य किया जायेगा 321 सुपरवाइजरों द्वारा बूथ एवं गृह भ्रमण की निगरानी की जा जायेगी। ट्रांजिट स्थल, बस स्टैंड, मेला–बाजार एवं संवेदनशील ईंट भट्ठा, निर्माणाधीन क्षेत्र के लिए मोबाइल टीम गठित कर माइक्रोप्लान तैयार कर कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। साथ ही समस्त विभाग डिस्ट्रिक टास्क फोर्स में दिये गये निर्देशानुसार पंचायत विभाग, शिक्षा विभागए महिला एवं बाल विकास विभाग, परिवहन विभाग, एवं अन्य विभाग आपसी समन्वय कर पल्स पोलियो अभियान को सफ्ल बनाने के निर्देश दिये गये। 27 मार्च 2014 को भारत को पोलियो मुक्त देश का प्रमाण पत्र दिया जा चुका है। भारत में पोलियो वायरस पुनः प्रवेश न कर सके इसके लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 3 मार्च 2024 को किया जा रहा है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.एण्डी तिर्की ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत जिले में 0 से 5 वर्ष के अनुमानित लक्षित बच्चे 110439 जिसमें विकासखंडवार क्रमशः पत्थलगांव 22653, फरसाबहार 14499 कांसाबेल 8759, बगीचा 24613, कुनकुरी 13512, दुलदुला 5365, मनोरा 8412 जशपुर 12626 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी।

# स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर में आयोजित हुआ सेमिनार एवं प्रवेश परीक्षा

## नव गुरुकुल एवं लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर द्वारा 200 विद्यार्थियों को दिया कौशल प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

नवगुरुकुल एवं लाइवलीहुड कॉलेज द्वारा आज स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर में आयोजित सेमिनार एवं प्रवेश परीक्षा में 200 विद्यार्थियों को कोडिंग सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग, ग्राफिक्र डिजाइन, फ इनेंस, बिजनेस मैनेजमेंट एवं एजुकेशन के क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सुबह 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन जशपुर की अभिनव पहल नवगुरुकुल एवं लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर के माध्यम से कोडिंग सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग, ग्राफि क डिजाइन, फ इनेंस, बिजनेस मैनेजमेंट एवं एजुकेशन के क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर शत प्रतिशत



**कोडिंग सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग, ग्राफिक डिजाइन, फाइनेंस, बिजनेस मैनेजमेंट एवं एजुकेशन के क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त का मिलेगा सुनहरा अवसर**

रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर है। आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने वाले व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर मल्टीनेशनल कंपनी जैसे अमेजॉन, केपीएमजी,एक्चेंचर में रोजगार के अवसर है। यह प्रशिक्षण केवल जिले के छात्राओं के लिए है। प्रशिक्षण आवासीय सुविधा के साथ पूर्णता निः शुल्क प्रदान किया जाएगा। दसवीं पास कोई भी संकाय की छात्र प्रवेश के लिए पात्र है। प्रशिक्षण की अवधि 18 माह की है। नव गुरुकुल फाउंडेशन एवं वेलफेयर सोसाइटी द्वारा देश के आठ केंद्रों में संचालित इस परीक्षण के माध्यम से 600 से अधिक छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8516032060 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कर रही बैठकों के जरिए कर रही तैयारी

**कोरबा** । आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी में बैठकों का दौर चल रहा है एक तरफजहां भाजपा की राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में चल रही है तो वहीं पार्टी के युवा मोर्चा की बैठकों का दौर राष्ट्रीय,प्रदेश और जिला स्तर पर जारी है।

ज्ञात हो विगत दिनों आगामी लोकसभा चुनाव और आगामी कार्यक्रम हेतु भाजयुमो की वर्चुअल प्रदेश की बैठक संपन्न हुई थी तत्पश्चात आज भाजयुमो जिला कार्यसमिति की बैठक कटघोरा मे संपन्न हुई बैठक में कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने के साथ साथ आगामी युवा चौपाल लगाने हेतु निर्देश दिए गए। भाजयुमो की मंडल इकाई को प्रत्येक मंडल में 20 स्थानों पर युवा चौपाल लगाकर प्रधानमंत्री मोदी के जनहित की सभी योजनाओं के बारे में युवाओं को बताना है। इसके लिए प्रत्येक मंडल हेतु दो दो विस्तारक भी तय कर लिए गए हैं जो मंडलों में प्रवास करेंगे,यह कार्यक्रम 5 मार्च तक चलेगा। उक्त बैठक में भाजपा जिला महामंत्री संतोष देवांगन, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन गर्ग, व्यवसाई प्रकोष्ठ संयोजक टेकचंद अग्रवाल,भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष अजय धनोदिया, नवनियुक्त भाजयुमो जिला प्रभारी राहुल शराफ जिलाध्यक्ष पंकज सोनी,महामंत्री अनूप यादव,प्रदेश सो.मी. विभूति कश्यप,प्रदेश कार्यसमिति किशन केशरवानी,सुभाष राठौर,प्रीति स्वर्णकार,भूपेंद्र साहू,जिला उपाध्यक्ष विवेक मार्कण्डेय,रंजू यादव,अनुराग राठौर,मंत्री गंगा पटेल,राजा डिक्सेना, अनुराग दुहलानी,कोषाध्यक्ष गोलू पांडे, बृजेश यादव,कटघोरा मंडल अध्यक्ष समजीत सिंह, महामंत्री जय गर्ग,रूपेश डिक्सेना सहित जिले की कार्यसमिति मंडल अध्यक्ष एवम महामंत्री उपस्थित रहे।

## एक नजर

# सरकारी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी परिवार भी कर सकते हैं महतारी वंदन योजना के आवेदन,अंतिम तिथि 20 फरवरी

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़।

महतारी वंदन योजना का आवेदन ऑनलाईन व ऑफ लाईन आवेदन का पंजीयन की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं। सरकारी नौकरी के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चपरासी, सफ ाईकर्मी, चौकीदार, हेल्पर, पोस्टमैन आदि के परिवारिक सदस्य इस योजना के लिए पात्र है। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल पद के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। कोई भी पात्र महिला इस वेबसाईट के हितग्राही लागिन से स्वयं आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही साथ आगनबाड़ी केंद्र में भी आवेदन जमा कर सकते हैं। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होंगे। 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगी। योजनांतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रूपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा।

### अपात्र परिवार की पहचान

जिनके परिवार का कोई भी सदस्य आयकरदाता हो, भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के शासकीय विभाग, उपक्रम, मण्डल, स्थानीय निकाय में स्थायी,अस्थायी, संविदा पदों पर कार्यरत प्रथम वर्ग, द्वितीय वर्ग एवं तृतीय वर्ग के अधिकारी कर्मचारी हो, वर्तमान अथवा भूतपूर्व सांसद या विधायक हो, कोई सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के बोर्ड, निगम् मण्डल के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष हो, वे सभी अपात्र होंगे।

# कटाईपाली सी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया न्योता भोजन त्यौहार

जोहार छत्तीसगढ़ – छाल।




भारत सरकार द्वारा संचालित योजनांतर्गत प्रधानमंत्री पोषण आहार कार्यक्रम को छत्तीसगढ शासन ने न्योता भोजन के रूप में मनाने का शुरूवात किया गया है । शासन के इसी योजना के तहत शासकीय प्राथमिक एवम माध्यामिक विद्यालय कटाईपाली सी में भोजन त्योहार का अयोजन किया गया । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल छाल के अध्यक्ष संजय गुप्ता, महामंत्री लालू ठाकुर, महामंत्री डोल नारायण पटेल, तहसील छाल के तहसीलदार महेंद्र लहरे जहाज राम राठिया न्योता भोजन के प्रयोजक सतीश अग्रवाल एव राजेंद्र बेहरा विशेष रूप से उपस्थित थे । अतिथियों ने भोजन से पूर्व बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आना है और जीवन में बड़ा लक्ष्य ले कर आगे बढ़ना है । आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य बड़ा बनाना जरुरी है । छत्तीसगढ शासन बच्चों के लिए जो भी योजनाएं बना रही है उसका लाभ शतप्रतिशत बच्चो को मिले इसका भार आप सभी शिक्षकों के ऊपर है और यहां का वातावरण देख कर अच्छा लग रहा है कि यहां के सभी लोग मेहनत कर रहे हैं । उद्बोधन पश्चात सभी अतिथियों ने बच्चो को परोसकर भोजन कराया । न्योता भोजन के दानदाता विनय अग्रवाल एवम राजेंद्र बेहरा ने भी बच्चो को अपने हाथों से भोजन परोसा । संकुल प्राचार्य राजीव गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार करते हुए कहा कि विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आप पधार कर कार्यक्रम को सफल बनाया है इसे नई ऊंचाई दिया है । इसके लिए आप सभी का हार्दिक धन्यवाद करते हैं और आप सभी भविष्य में भी यह सहयोग करते रहेगें यह भी अपेक्षा रखते हैं । कार्यक्रम में संकुल शैक्षिक समन्वयक भुनेश्वर पटेल सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे ।

# अनशन कर रहे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव पवन कुमार वर्मा की बिगड़ी तबियत

**कोरबा** । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के द्वारा कोरबा की जन समस्याओं को लेकर जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने घंटाघर के समीप आमरण अनशन शुरू किया था। अनशन के तीसरे दिन जिला अस्पताल कोरबा के डॉक्टर ने अनशन स्थल पहुंचकर पवन कुमार वर्मा का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद उनकी बिगड़ती स्थिति के कारण पुलिस ने बलपूर्वक आंदोलन स्थल से उठाकर जिला चिकित्सालय में दाखिल कर दिया है।

# कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।

कलेक्टर अजीत वसंत ने आज जनचौपाल में आने वाले लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। जन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज आयोजित जनचौपाल में लोगों ने सीमांकन, राशन कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, मुआवजा,



आर्थिक सहायता, बेजा कब्जा हटाने, रोजगार हेतु ऋण दिलाने, राखड़ की समस्या, सौर सुजला के संबंध में आवेदन दिया। जनचौपाल में कुल 89 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निर्देशित किया है कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनचौपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि आवेदक को दोबारा जनचौपाल में ना आना पड़े। इस दौरान अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर तहसीलदार हुए लामबंद

जोहार छत्तीसगढ़–बलौदाबाजार।

जिले में कलेक्टर के आदेशों एवं बात का विरोध जैसा माहौल पैदा करते हुए तहसीलदारों के द्वारा आज एक जूटता दिखाई देते हुए अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि जिले में विगत सात दिवस में त्वरित रूप से दो स्थानांतरण आदेश कमांक/224 वि.लि/2024 बलौदाबाजार 12 फरवरी 2024 एवं 249 विलिण्ध2024 बलौदाबाजार 15 फरवरी 2024 तहसीलदारों के संबंध में जारी किया गया। उक्त संबंध में कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ इकाई बलौदाबाजार भाटापारा प्रांताध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष द्वारा बात करने का प्रयास किया गया परन्तु कलेक्टर के द्वारा बातचीत न किया जाकर हमें नहीं सुना गया। पूर्व में भी सभी राजस्व अधिकारियों को समय–सीमा की बैठक से बाहर कर देने एवं जिले



में 4 तहसीलदार अतिरिक्त रूप में होने के बावजूद तहसील सिमगा में नायब तहसीलदार को प्रभारी तहसीलदार बनाये जाने को लेकर आप से चर्चा हेतु आपके समक्ष उपस्थित हुये किन्तु आपके द्वारा हमारी बात न सुनते हुये सभी तहसीलदारों को अपने कक्ष से बाहर कर दिया गया। जिले में तहसील प्रमुख की सुनवाई नहीं की जा रही इस बात से व्यथित होकर आज दिनांक 20.02.2024 को जिले के तहसीलदार एव नायब तहसीलदार द्वारा एक दिवस का सामूहिक अवकाश प्रांताध्यक्ष के आह्वान किया गया। इस सभी बातों को लेकर के तहसीलदारों में एकजुट दिखाई दे रही है इस विषय पर क्या सोच है क्या जिलाधीश का पहला है या क्या कुछ विशेष बातें हैं वह तो इकदिववसीय अवकाश के बाद ही पता चल पाएगा और खबर इसमें बाकी है वह अगले अंग में प्रशासनिक अधिकारी,जिलाधीश या उच्च अधिकारी के साथ–साथ मंत्रिमंडल से बात करके खबर पुनः प्रकाशन की जाएगी।

"मैं अभी इस तरह का बात ज्ञापन के संबंध में देखा नहीं है मैं देख लेता हूं। फिर आपको स्पष्ट जवाब दे पाऊंगा।

चंदन कुमार,कलेक्टर बलौदाबाजार

प्रशासनिक अम्ला के द्वारा यह तबादले का जो बात है वह की जा सकती है और सामूहिक अवकाश की बातें जो है वह नहीं होना चाहिए बाकी मैं इस विषय पर जांच कर लेता हूं उसके बाद आगे की क्या बातें बता पाऊंगा।

टंकराम वर्मा, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री

# जिले में अब तक 2.80 लाख से अधिक महिलाओं ने भरा महतारी वंदन योजना के लिए फार्म

## आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

महतारी वंदन योजना का लाभ लेने जिले में अब तक 2.80 लाख महिलाओं ने फॉर्म भरा है। फार्म भरने के लिए 20 फरवरी 2024 अंतिम तिथि है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा निरंतर इस दिशा में कार्य किया जा रहा है।





गौरतलब है कि राज्य में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना लागू की गई है। इस योजना का लाभ पात्र महिलाओं को आगामी मार्च महीने से मिलने लगेगा। फिलहाल योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र महिलाओं से फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। पंचायत और आंगनबाड़ी स्तर पर फॉर्म भरवाने के लिए महिलाओं की काफी भीड़ नजर आ रही है। योजना का लाभ लेने के लिए अब तक 2 लाख 87 हजार 135 महिलाओं के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष महिलाओं को 12 हजार रूपए दिये जाएंगे। फार्म जमा करने आ रही महिलाओं का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से हर महीने मिलने वाली एक हजार रूपए की राशि से वह अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगी और सम्मानजनक जीवन निर्वाह कर सकेंगी। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल तथा मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों के लागइन आईडी से, ग्राम पंचायत सचिव (ग्राम प्रभारी), बाल विकास परियोजना कार्यालय, नगरीय क्षेत्र में वार्ड प्रभारी के लॉगइन आईडी से अथवा आवेदक स्वयं पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकती है। आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया नि:शुल्क है। आवेदन पत्र ग्राम पंचायत/वार्ड कार्यालय/आंगनबाड़ी केन्द्र/परियोजना कार्यालय में होगी एवं आवेदन पत्र कैंप प्रभारी द्वारा ऑनलाइन की जाएगी।

### विकासखण्ड व नगरीय निकायों के अब तक के आंकड़े

जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 2 लाख 87 हजार 135 महिलाओं ने महतारी वंदन योजना के लिए फार्म भर चुकी है। इनमें विकासखण्ड खरसिया में 37134, विकासखण्ड लैलूंगा में 32718, रायगढ़ ब्लॉक में 36594, खरसिया नगर पालिका क्षेत्र में 3887, विकासखण्ड तमनार में 26729, रायगढ़ निगम क्षेत्र में 28575, विकासखण्ड धरमजयगढ़ में 51997, विकासखण्ड घरघोड़ा में 19974, विकासखण्ड पुसौर में 38607, घरघोड़ा नगर पंचायत में 1984, धरमजयगढ़ नगर पंचायत में 2766, किरोड़ीमलनगर नगर पंचायत में 2234, लैलूंगा नगर पंचायत में 1654 तथा पुसौर यूएलबी में 2282 शामिल है।

### आवेदन के लिए ये लगेंगे दस्तावेज

महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिला आवेदकों को स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, पेन कार्ड, विवाह प्रमाण-पत्र (विवाह होने के संबंध में उनके पास दस्तावेज उपलब्ध न हो तो वह अपना स्वघोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर सकती है), विधवा होने पर पति का मृत्यु प्रमाण-पत्र, परित्यकता होने की स्थिति में समाज, वार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र, पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र इत्यादि (कोई एक), बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं स्व-घोषणा पत्र/शपथ पत्र जमा करना होगा।

### योजना अंतर्गत अपात्रता की श्रेणी में होगी ये महिलाएं

महतारी वंदन योजनांतर्गत जिनके परिवार का कोई भी सदस्य आयकरदाता हो अपात्र होंगी। जिनके परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के शासकीय विभाग, उपक्रम, मण्डल, स्थानीय निकाय में स्थायी, अस्थायी, संविदा पदों पर कार्यरत प्रथम वर्ग, द्वितीय वर्ग एवं तृतीय वर्ग के अधिकारी व कर्मचारी योजनांतर्गत अपात्र होंगी। जिनके परिवार का कोई भी सदस्य वर्तमान अथवा भूतपूर्व सांसद व विधायक तथा जिनके परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के बोर्ड, निगम, मण्डल के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष व उपाध्यक्ष हो वह भी योजनांतर्गत अपात्र होंगी

## एक नजर

### ढाबा में नहीं बिकेगा शराब रतनपुर टीआई ने दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़ - रतनपुर।



थाना प्रभारी ने होटल और ढाबा संचालकों की बैठक लेकर सख्त निर्देश जारी किया है। बढ़ते अपराध व सड़क दुर्घटना रोकने पुलिस ढाबा संचालकों पर नकेल कस रही है। रतनपुर थाना प्रभारी देवेश राठौर ने थाने आज में रतनपुर थाना क्षेत्र के ढाबा संचालकों की मीटिंग लेकर उन्हें चेतावनी दिया गया है कि ढाबा मे आने वाले गाड़ियों के लिए पार्किंग सुनिश्चित व्यवस्था करनें निर्देश दिया है। उन्होनें कहा कि सड़क दुर्घटना ना हो इसे ढाबा संचालकों को ध्यान में रखना होगा यादि नियम का पालन नहीं किया गया तो ढाबा संचालक और वाहन चालकों पर कार्यवाही भी होंगी।ढाबे मे अवैध शराब की बिक्री में नहीं होनी चाहिए ना ढाबा में बैठाकर शराब पिलाना शराब पिलाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। थानेदार ने दो टूक समझा दिया है कि अवैध गतिविधियों और नियमों के उल्लंघन करनें वालों पर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 11 मार्च तक मंगाये गये आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (शहरी)अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र पूछापारा वार्ड क्रमांक 11, आंगनबाड़ी केन्द्र गौशालापारा वार्ड क्रमांक 14, आंगनबाड़ी केन्द्र झोपड़ीपारा वार्ड क्रमांक 35 एवं आंगनबाड़ी केन्द्र राजीवनगर ए वार्ड क्रमांक 36 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 11 मार्च 2024 तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक कार्यकर्ता नियत तिथि तक अपना आवेदन परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना, रायगढ़ (शहरी)में जमा कर सकते है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश व नियम शर्तो की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 27 फरवरी तक मंगाये गये आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक-04 जगतपुर में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 27 फरवरी तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समियितां, अन्य सहकारी समितियां, वन सुरक्षा समिति अपने पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेजों सति अपना आवेदन 27 फरवरी 2024 तक कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय कलेक्टर, खाद्य शाखा, रायगढ़ में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 08 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम महुवाडही निवासी अनामी बाई का सर्पदंश से 04 सितम्बर 2021 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका पुत्र जगलू राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार भगोरा निवासी कमल खलखो का नदी के पानी में डूबने 16 सितम्बर 2023 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी मतियो खलखो हेतु 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## घर के सामने खड़ी मालवाहक वाहन की चोरी

**कोरबा** । शहर में घर के सामने खड़ी एक मालवाहक वाहन की चोरी कर ली गयी हैं। सारी करतूत आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। सूचना मिलते पर पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है।

बताया जा रहा हैं की मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत सुभाष ब्लाक झोपड़ी पारा में मनमोहन केंवट नामक व्यक्ति निवास करता है। वह मालवाहक वाहन चालक का काम करता है। उसे उसके दोस्त ने अपने नाम पर पंजीकृत डाटा एस गोल्ड मालबाहक क्रमांक सीजी 12 बीएम 1502 को चलाने के लिए दिया था। वह प्रतिदिन की तरह 16 फरवरी की रात को भी पोस्ट ऑफिस के बाजू में मालवाहक को खड़ा किया था, जब सुबह घर से बाहर निकला तो मालवाहक गायब मिली। उसने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाले तो कुछ लोग मालवाहक को ले जाते दिख रहे थे, वहीं मौके पर टूटा हुआ शीशा पड़ा था।

# संभाग-स्तरीय कार्यक्रम में रायगढ़ जिले के शिक्षकों ने लहराया अपना परचम

## रायगढ़ जिले ने जीता ओवरआल विजेता का खिताब, संभाग के सभी 08 जिले से शिक्षक हुये शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर आर.पी.आदित्य के अभिनव पहल के तहत शासकीय शालाओं में प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी स्तर तक कार्यरत शिक्षकों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए अवसर देने हेतु 17 फरवरी को बिलासपुर में संभाग स्तरीय शैक्षिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा गया, जिसके लिए संभाग के सभी 08 जिले प्रतिभागी शामिल हुये। रायगढ़ जिले के जिला नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल, एपीसी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में जिले से 44 शिक्षकों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में किया गया था। प्रतियोगिता में शैक्षिक प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रायोगिक कार्य, टीएलएम प्रदर्शन अंतर्गत प्राथमिक माध्यमिक हाई स्कूल हायर सेकेंडरी, कक्षागत अध्यापन के अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल, शालेय गतिविधियां, उत्कृष्ट सेजेस, पीएम श्री स्कूल एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से संबंधित प्रतियोगिताएं थी। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत एकल गायन पुरुष, एकल गायन महिला, युगल गायन, मोनो प्ले पुरुष, मोनो प्ले महिला, नाटिका, एकल नृत्य पुरुष, एकल नृत्य महिला एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संभाग स्तर की प्रतियोगिता में रायगढ़ के विजयी शिक्षकों में प्रायोगिक प्रदर्शन रसायन रश्मि रंजना सेजस पुसौर-प्रथम स्थान, प्रायोगिक प्रदर्शन भूगोल निराकार प्रधान सेजस पुसौर-द्वितीय स्थान, टीएलएम प्रदर्शन हायर सेकेंडरी खण्ड प्रकाश कुमार पंडा सेजेस घरघोड़ा-प्रथम स्थान, उत्कृष्ट सेजेस प्रदर्शन अंग्रेजी माध्यम रूबी वर्गिस सेजेस नटवर अंग्रेजी माध्यम रायगढ़-प्रथम स्थान, युगल गायन बेनी प्रसाद उरांव एवं विनय शर्मा विकासखंड पुसौर-प्रथम स्थान, मोनोप्ले एवं मिमिक्री महिला सुभाषिनी खम्हरिया सेजेस पुसौर, पुरुष चूड़ामणी सिदार नवापारा ब पुसौर, संयुक्त प्रथम स्थान, नाटिका हेमंत चौहान एवं साथी विकासखंड पुसौर-प्रथम स्थान, एकल नृत्य पुरुष राजेश कुमार कुर्रे उ मा वि सरवानी एकल नृत्य महिला उमा भारती बोहिदार सेजेस तमनार-संयुक्त प्रथम स्थान, समूह नृत्य सविना एवं साथी सेजेस घरघोड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले ने 08 जिले के बीच आयोजित प्रतियोगिता में पूरे प्रतियोगिता के दौरान आयोजित 07 विधाओं में प्रथम स्थान और 02 विधाओं में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अंकों के आधार पर ओवर ऑल चैंम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अटलबिहारी बाजपेयी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एडीएन बाजपेई रहे। उन्होंने शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षकों को प्रतिभा दिखाने का अवसर देने के अभिनव पहल के लिए संयुक्त संचालक श्री आर पी आदित्य को बधाई देते हुये अगले सत्र से कालेज के प्रोफेसर को भी शामिल करने का सुझाव दिया। साथ ही सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर आशीर्वाद दिया। रायगढ़ जिले को प्रथम बार आयोजित प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियन बनने पर संयुक्त संचालक आरपी आदित्य, सहायक संचालक प्रशांत राय, जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ बी.बाखला, जिला मिशन सन्यवयक नरेन्द्र चौधरी ने जिला नोडल भुवनेश्वर पटेल और पूरे शिक्षकों की टीम को बधाई और आशीर्वाद देते हुये रायगढ़ जिले की सफलता को लगातार बनाये रखने के लिये आशीर्वाद दिया।

# संकुल केन्द्र सूर्री में बाल शोध व बाल मेला का हुआ आयोजन





**रायगढ़।** पुसौर विकास खण्ड के संकुल केन्द्र सूर्री में गत दिवस माध्यमिक शाला के शिक्षकों व बच्चों के द्वारा बाल शोध व बाल मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान माध्यमिक शाला लिंजीर, कर्राजोर व सुर्री के बच्चों ने सांस्कृतिक गतिविधियों में बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर माध्यमिक शाला के बच्चों ने शाला से प्राप्त निर्देशों का पालन करते हुए विगत माह में ग्राम के विभिन्न परिवारों व किसानों से सम्पर्क कर अपना शोध व सर्वे कार्य पूर्ण किया था जिसकी जानकारी देने के लिए स्टाल लगाए व इस कार्यक्रम में पधारे गणमान्य जनों को अपने किए हुए कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किए। माध्यमिक शाला की कु.भूमिका निषाद, कु.सिद्धी नायक व कु.संध्या सोनी ने क्रमशः अपने शोध में छत्तीसगढ़ की खेती, स्वास्थ्य व सुरक्षा तथा जल चक्र को बहुत ही अच्छे व आसान तरीके से गणमान्य जनों को बताया। विद्यार्थियों की बेहिचक बोलने की कला ने सबका मन जीत लिया। कुछ विद्यार्थियों ने पाक स्टाल में गुपचुप, बड़ा, समोसा, काफी, भेल मुरी, चाट इत्यादि की दुकान लगा रखा था जहां संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित गांव से आए महिलाएं व बुजुर्गों ने बाल मेला में आनंद उठाया।

इस अवसर पर मोहन कुर्रे, कीर्तन कुर्रे, शिवनाथ पटेल, दीपक चौधरी, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक सहित सीता गुप्ता, दुर्योधन साव, विनोद चौधरी, मिलाप सिंह पटेल, हिमांचल दुबे, श्रीमती पूनम प्रिया बारिक, प्रदीप कुमार शाहनी व ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में संकुल केन्द्र सुर्री के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के मार्गदर्शक रिया मेहता, तन्मय व ऋषभ का विशेष योगदान रहा। अन्त में गोविन्द राम साहू विज्ञान शिक्षक व सालिक राम नायक शैक्षिक संकुल समन्वयक द्वारा कार्यक्रम में पधारे समस्त गणमान्यों, पालकों, विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया ।





# ग्रामीण युवाओं के लिए आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़, समिति रायपुर एवं राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में ग्रामीण युवाओं हेतु फल एवं सब्जी प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग पर कौशल प्रशिक्षण 12 से 17 फरवरी 2024 तक आयोजित किया गया। इस प्रखिक्षण का उद्घाटन संस्था प्रमुख डॉ. बी. एस. राजपुत द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि फल एवं सब्जी प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग को एक व्यवसाय के रूप में अपनाने की आवश्यकता हैं क्योंकि यह कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय है। इस प्रशिक्षण में रायगढ़ जिले के विभिन्न विकास-खण्ड के 28 ग्रामीण युवक व युवतियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ एन.सी.बंजारा उद्यानिकी वैज्ञानिक द्वारा चल-चित्र प्रदर्शन व प्रायोगिक विधि द्वारा फलों के तोड़ाई उपरांत फल व सब्जियों के रख-रखाव, प्रबंधन व विभिन्न पैकेजिंग सामग्री व मशीनरी की तकनीकी जानकारी दी गई। डॉ. मनीषा चौधरी ने चल-चित्र प्रदर्शन, प्रायोगिक विधि से फल एवं सब्जियों के प्रसंस्कृत उत्पाद जैसे-टमाटर का अचार, हल्दी का अचार, अदरक की कैंडी, रखिया का पेठा, पपीता का टुटी-फ्रुटी, मौसमी फलों की आईसक्रीम व नेक्टर व तीखूर प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग की तकनीकी जानकारी दी। इस कार्यक्रम में केंद्र के समस्त वैज्ञानिकों द्वारा फल एवं सब्जी प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग व मार्केटिंग के विभिन्न पहलूओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नीलकमल पटेल (प्रक्षेत्र प्रबंधक) के द्वारा प्रक्षेत्र में स्थित मशरूम उत्पादन इकाई के साथ-साथ फसल उत्पादन, गौशाला इकाई, केंचुआ खाद इकाई आदि का भ्रमण कराकर जानकारी दी गई। आशुतोष सिंह कार्यक्रम सहायक (कम्प्यूटर) ने क्राप डॉक्टर व ई-मार्केटिंग से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक श्री के. डी. मंहत ने की। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युवाओं के लिये स्वरोजगार सृजन करना था। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के सफलता में केन्द्र के वैज्ञानिकों सहित सुरेश प्रधान, सुनयना कुरूवंशी, उषा बरेठ एवं अन्य स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।



# स्कूली छात्रों ने न्योता भोजन ग्रहण किया, संकुल प्रभारी एल पी ताडेय ने बच्चों को परोसा भोजन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



समाजसेवी तथा वैभवी मोटर पार्ट्स नवापारा के संचालक तोस राम चन्द्रा ने अपने परिवार एवं मित्रगणों के साथ लामीखार स्थित शास प्राथ विद्यालय में संकुल प्रभारी एल पी ताडेय की उपस्थिति में छात्रों को पौष्टिक भोजन कराया व सभी बच्चों को कॉपी, पेन, बिस्किट आदि वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल की गई है। शाला अवधि में विद्यार्थियों को भोजन प्रदाय करने के लिए संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना गाइड लाइन में सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन के प्रावधान के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में इसे न्योता भोजन के नाम से लागू किया गया है।

## न्योता भोजन का उद्देश्य

न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि और सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग व कोई भी सामाजिक संगठन स्कूलों में न्योता भोजन करा सकते हैं।

## क्षेत्रवासियों से अपील

संकुल प्रभारी तांडेय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना से जहां बच्चों को पौष्टिक भोजन मिलेगा वहीं समाज में एक सकारात्मक संदेश भी जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस योजना के तहत जो भी संगठन संस्था इसमें भागीदार बनना चाहते हैं वे जरूर पहल करें इससे सुपोषण, शिक्षा और संस्कार में भी बढ़ोत्तरी होगी। स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल की गई है जबकि स्कूल में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं होगा भोजन का पूरक होगा। समुदाय में ऐसे दानदाताओं की पहचान की जा सकती है जो रोटेशन में माह में कम से कम एक दिन शाला में न्योता भोजन करा सके। भोजन दान की प्रति को महादान के रूप में प्रचारित किया जाना है जिसमें पूरे विद्यालय अथवा किसी कक्षा विशेष के बच्चों को न्योता भोजन कराया जाता है। न्योता भोजन की घोषणा प्रार्थना के दौरान की जाएगी। घोषणा में दानदाता के नाम की भी घोषणा की जा सकती है व उन्हें आमंत्रित किया जा सकता है। इस अवसर पर तोस राम चन्द्रा अपने परिवार एवं मित्रगणों के साथ अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला जोगड़ा में न्यौता भोजन का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला जोगड़ा में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी वी बाखला,जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी धरमजयगढ़ रविशंकर सारथी के मार्गदर्शन में प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला जोगड़ा में शकुंतला राठिया सरपंच ग्राम पंचायत जोगड़ा के द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। न्यौता भोजन में सरपंच महोदया द्वारा भोजन के साथ साथ फल और बूंदी का लड्डू परोसा गया। इसके लिए शालेय परिवार ने उन्हें धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्त्ता बालाराम राठिया, एस आर सिदार संकुल प्राचार्य,जमुना प्रसाद राठिया उपसरपंच, भागिरथी राठिया, दीवान सिंह, मधुवन राठिया, रविंद्र दास, कमला बाई,जोगेन्दर राठिया,शांति बाई, महिला समूह के सदस्य गांव के जनप्रतिनिधि और सभी शिक्षकगण उपस्थिति रहे।



# कलेक्टर ने राइस मिल एसोसियेशन, एफसीआई और समिति के प्रतिनिधियों की ली संयुक्त बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्टर सक्ती नूपुर राशि पन्ना ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में राईस मिल एशोसियेशन के मिलर्स, फू ड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के अधिकारियों और समिति के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक लीस बैठक में कलेक्टर द्वारा मिलर्स के प्रतिनिधि मंडल से प्रति टन 700 क्विंटल धान का रिक्वेस्ट करने का निर्देश दिया गया। बैठक में खाद्य विभाग द्वारा बताया गया की समितियों में आज दिनांक तक 1.28 लाख मेट्रिक टन धान शेष है जिसे शीघ्र उठाव करने हेतु मिलर्स को निर्देशित किया गया साथ ही समिति प्रभारीयों से धान को साफ सुथरा मिलर्स को परिवहन कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में राइस मिल एसोसिएशन के प्रतिनिधि सतीश अग्रवाल बाराद्वार, दिनेश शर्मा बाराद्वार, ऋषभ अग्रवाल सक्ती,सचिन अग्रवाल सक्ती एवं जिला खाद्य अधिकारी अमृत कुजूर एफसीआई के डिपो मैनेजर, नान के प्रतिनिधि, समिति से एकलव्य चंद्र मालखरौदा, पुरुषोत्तम राठौर सक्ती सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



## एक नजर

# अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने कलेक्ट्रेट में जनदर्शन में लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के आधार पर सभी संबंधित विभागों को समस्याओं का त्वरित निराकरण कर अवगत कराने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने महतारी वंदना योजना से संबंधित समस्या को लेकर प्राप्त आवेदनों पर तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिससे महिलाएं योजना का लाभ उठा सकें। इसके अलावा जनदर्शन में लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को अपर कलेक्टर को अवगत कराया, अपर कलेक्टर ने संबंधित सभी अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण कर उन्हें तथा आवेदकों को सूचित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में 41 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें जमीन विवाद, अवैध निर्माण, आधार समस्या, खाता विभाजन, राशन कार्ड, आवास, पेंशन, सीमांकन एवं मुआवजा संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

# जिला अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच परामर्श शिविर 24 फरवरी को

हृदय रोग, गुर्दा रोग, कैंसर व रक्त रोग के मरीजों को किया जाएगा नि:शुल्क ईलाज

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।




जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं रामकृष्ण केयर के संयुक्त तत्वाधान 24 फरवरी 2024 को जिला अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हृदय रोग, गुर्दा रोग एवं कैंसर व रक्त रोग के मरीजों को निःशुल्क इलाज किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार शिविर तिथि 24 फरवरी को सुबह 10 से 02 बजे तक रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के विशेषज्ञ डॉ. जावेद परवेज, डॉ. प्रवाश कुमार चौधरी एवं डॉ. रवि जायस्वाल अपनी सेवाएं देगें। रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी हेतु मोबाईल नम्बर 917509899093, 942426073 एवं 6205302594 में संपर्क किया जा सकता है।

# राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**कोरबा** । जिले के ग्राम धतुरा मे राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल व साथ ही विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत पाली सभापति मुकेश जायसवाल, जनपद पंचायत पाली सभापति संतोषी अशोक पाटले, जनपद पंचायत कटघोरा ममता दामोदर राठौर, केसरिया हिंदु युवावाहिनी, जिलाध्यक्ष कोरबा श्रवण यादव, जयवीर हनुमान ट्रांसपोर्ट आशीष अग्रवाल, भाजयुमो जिलामंत्री पंकज धुर्वा, मंडल मंत्री मन्नू राठौर (साई), वरिष्ठ भाजपा नेता प्यार पटेल, ग्राम धतुरा पूर्व सरपंच बुधवार सिंह नेटी, अमर गाँधी राठौर, एन.के. तिवारी, सानिध्य सुलाँकि आदि उपस्थित रहे।

डांस प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार हमर छत्तीसगढ़ के धरोहर डांस ग्रुप मड़वारानी 20 हजार रुपए व शील्ड, द्वितीय पुरस्कार बेड बॉय डांस ग्रुप कुसमुंडा 11 हजार रूपए व शील्ड, तृतीय पुरस्कार मुस्कान श्रीवास मूढ़ाली 7 हजार रुपए व शील्ड एवं सांत्वना पुरस्कार 1 हजार रुपए व मैडल 7 टीमों को दिया गया। सभी युवाओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा एवं सरपंच अमृता इंद्रावन सिंह पोर्ते, उपसरपंच बिंदेश्वरी गुड्डू राठौर का अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# छ.ग.कब्बड्डी प्रीमियर लीग महिला वर्ग की चैंपियन बनी कवर्धा टीम

उप विजेता सुपर सेवन बलौदा बाजार ने बाजी मारी

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



हाई स्कूल मैदान में छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग का फाइनल मैच देखने के लिए भारी संख्या में नगर वासी पहुंचे थे कांटे की टक्कर वाली इस मैच में सुपर सेवन बलौदा बाजार को हराकर कवर्धा क्वींस ने यह मैच अपने नाम कर लिया और प्रथम विजेता के रूप में 51000 की राशि के साथ चैंपियन ट्रॉफी का कप जीता वहीं दूसरे स्थान पर सुपर सेवन बलौदा बाजार ने द्वितीय विजेता के रूप में 31000 की नगद राशि के साथ कप प्राप्त किया तृतीय स्थान पर रही रतनपुर की ब्लू डॉल्फि न जिन्हें 21000 नगद व कप दिया गया और चौथे स्थान पर दिवांश दंतेवाड़ा की टीम रही जिन्हें 15000 रुपए नगद पुरस्कार दिया गया वही नगर वासियों ने भी सभी खिलाड़ियों के हौसला अफजाई के लिए अनेकों इनाम इन खिलाड़ियों को दिए जिसमें मैन ऑफद मैच, मैन ऑफद सीरीज, लेफ्ट कव्हर,राइट कव्हर इत्यादि नाम शामिल हैं विदित हो कि यह आयोजन 16 फरवरी से प्रारंभ किया गया था। तीन दिवसीय इस कबड्डी प्रतियोगिता का समापन 18 फरवरी को रात्रि 9 बजे संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि पंकज सिंह तहसीलदार, कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र जगत जय महामाया खेल समिति और विशिष्ट अतिथि के रूप में सुभाष अग्रवाल,ललित अग्रवालय रामनिवास अग्रवाल,बबलू कश्यप,रविंद्र दुबे, विजय अग्रवाल, जीतू महावर और अन्य अतिथियों के मौजूदगी में संपन्न हुआ। प्रथम पुरस्कार 51000 नकद एवम ट्रॉफी मां महामाया मंदिर, सोने की फुल्ली मां कृष्णा ट्रेडर्स,चांदी का पायल विजय अग्रवाल के द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 31000 नकद एवम ट्रॉफी ललित अग्रवाल के द्वारा, तृतीय पुरस्कार 21000 नकद नीरज जायसवाल के द्वारा चतुर्थ पुरस्कार ब्लॉक कब्बड्डी संघ कोटा के द्वारा प्रदान किया गया। इसी तरह मेन ऑफ द टूर्नामेंट और मैन आफ द मैच को सुभाष अग्रवाल के द्वारा दिया गया लेफ्ट कार्नर 3000 नकद एवं स्मृति चिन्ह, राइट कार्नर 3000 नकद एवं स्मृति चिन्ह, लेफ्ट कव्हर 3000 नकद एवं स्मृति चिन्ह, राइट कव्हर 3000नकद एवं स्मृति चिन्ह गोर्वधन कश्यप के द्वारा प्रदान किया गया। सभी ट्रॉफ ी एवं स्मृति चिन्ह महामाया खेल समिति के द्वारा दिया गया। खिलाड़ियों एवं कोच मैनेजर को आवास व्यवस्था मां महामाया मंदिर ट्रस्ट के द्वारा निःशुल्क किया गया। कार्यक्रम को ईजी राजेन्द्र जगत, प्राचार्य आर के जगत, मनोज यादव, बलराम पाण्डेय, तरुण सिंह, सौरभ गुप्ता, रवि अग्रवाल, दादू क्षत्रिय, अभिषेक मिश्रा एवं जय महामाया खेल समिति, मित्र मंडल गणेशोत्सव समिति तथा ब्लाक कब्बड्डी संघ कोटा व रतनपुर प्रेस क्लब के सभी सदस्यों ने इस टर्नामेंट सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सरपंच उप सरपंच के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर हाई कोर्ट का रोक

जोहार छत्तीसगढ़-दुलदुला।




गौरतलब है कि ग्राम पंचायत बमहनी जनपद पंचायत दुलदुला के सरपंच सीमा खाखा और उप सरपंच रविकांत मिश्रा के विरुद्ध पंचायत के आठ पंचो के द्वारा विभिन्न अनियमितता का आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव लाई गई थी। जिसे सरपंच और उपसरपंच के द्वारा हाई कोर्ट के अधिवक्ता मनोज चौहान के माध्यम से उच्च न्यायालय बिलासपुर में चुनौती दिया गया है, माननीय उच्च न्यायालय ने शीघ्र सुनवाई करते हुए प्रारंभिक सुनवाई के दौरान ही लायी गई अविश्वास प्रस्ताव को नियमों के विपरीत मानते हुए स्थगन आदेश पारित कर दिया है तथा सभी पंचों सहित कलेक्टर जशपुर व मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुलदुला तथा अनुविभागीय अधिकारी कुनकुरी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।


19. WPC/1010/2024 (Live Stream - Yes) SMT. SEEMA KHAKHA AND 1 OTHER VS. STATE OF CHHATTISGARH AND 12 OTHERS — MANOJ CHAUHAN, RAVI KUMAR BHAGAT, SOMKANT VERMA — A.G.

* [ ON ADMISSION AND I.A. NO. 01 APPLICATION FOR GRANT OF INTERIM RELIEF ] [ ]

20. WPC/1012/2024 (Live Stream - Yes) GOPAL PRASAD BIND VS. STATE OF CHHATTISGARH AND 2 OTHERS — NARENDRA MEHAR, SANDEEP SINGH, NELSON PANNA, WAQUAR NAIYER, KSHMANIDHI MEHER, VEDANT SHADANGI, DIKSHA GOURAHA, GHANSHYAM KASHYAP, MATEEN SIDDIQUI — A.G.

# महिला शक्ति वंदन अभियान के तहत आज होगा मंगल भवन मे कार्यक्रम का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

शक्ति वंदन अभियान के तहत भाजपा द्वारा धरमजयगढ़ विधानसभा में समारोह आज दोपहर 11 बजे मंगल भवन में आयोजन किया जाएगा




शक्ति वंदन अभियान के तहत विधान सभा क्षेत्रों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस क्रम में नारी शक्ति संवाद के तहत एनजीओ एवं आंगनबाड़ी की महिलाओं के साथ चर्चा की जाएगी। देश मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओ के लिए कई सारी योजनाएं चालू कि गयी हैं जिसमे उज्वला योजना, महतारी वंदना योजना, नारी वंदन,महिला समूहों का उत्थान जैसे और भी कई सारी योजनाएं हैं जिसका लाभ देश कि लगभग सभी महिलाओ को मिल रहा हैं इन्ही सभी योजनाओं के बारे मे चर्चा करने के लिए शक्ति वंदन अभियान चलाया जा रहा हैं जिसमे धरमजयगढ़ के इस कार्यक्रम मे मुख्यअतिथी के रूप मे हरिशचंद्र राठिया उपस्थित होंगे। इस कार्यक्रम कि अध्यक्षता नगर पंचायत कि अध्यक्षा तरुणा श्याम साहू करेंगी जिसमे विशिष्ट अतिथि लीनव राठिया,गोकुल यादव,वीणा विस्वास,महेश चेनानी,टीका राम पटेल, व अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित होंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in